
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 165 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 19 दिसम्बर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अन्याय से अर्जित धन अन्याय के कार्य में ही खर्च होता है।

Ill earned is ill spent.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### बुलंदशहर में कोहरे का सितम, हाइवे पर टकराईं एक दर्जन गाड़ियां; कई लोग घायल

**बुलंदशहर (आरएनएस)।** यूपी के बुलंदशहर में कोहरे ने कहर बरपा रखा है। बुलंदशहर के एनएच-91 पर कोहरे की वजह से एक के बाद एक कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा कि हाईवे पर काफी कोहरे का कारण विजिबिलिटी काफी कम थी इस कारण कई गाड़ियां हादसे का शिकार हो गई हैं। गाड़ियों में रोडवेज बस, कार, ट्रक शामिल हैं। यह हादसा बुलंदशहर के खुर्जा देहात क्षेत्र के मधुसूदन डेयरी के पास हृ॥- 91 पर हुआ है। यहां घने कोहरे की वजह से कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं।

### संसद में वोटिंग के दौरान बीजेपी के 20 सांसद रहे गैर हाजिर, नोटिस जारी कर मांगा जाएगा जवाब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बीजेपी के 20 सांसदों की लोकसभा में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल पर वोटिंग के दौरान अनुपस्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पार्टी द्वारा जारी व्हिप का उल्लंघन इन सांसदों के अनुशासन पर सवाल उठाता है। इस मुद्दे के कई पहलुओं का विश्लेषण जरूरी है। व्हिप की अनदेखी और पार्टी अनुशासन- बीजेपी ने इस बिल के लिए तीन-लाइन का व्हिप जारी किया था, जो सांसदों को सदन में मौजूद रहने के लिए बाध्य करता है।

## बाबा गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिक : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण और समाज को रियायती दर पर जमीन देने की घोषणा




**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि बाबा गुरुघासीदास जी एक महान संत थे। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। आज उनका यह संदेश मानव को एक दूसरे से जोड़ने का काम कर रहा है। श्री साय आज सतनामी कल्याण समिति कोरबा के द्वारा तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर लगभग 90 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया और सतनामी समाज को रियायती दर पर जमीन आबंटन करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी को गुरु पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद से हम सभी के सहयोग से छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाएंगे। उन्होंने समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने, एकजुट रहने और छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए विकास की राह में आगे बढ़ने की बात कही। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, समाज के अध्यक्ष श्री यू आर महिलांगे सहित अन्य समाज के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज बाबा गुरुघासी दास की जयंती में जगह-जगह कार्यक्रम में शामिल होने का पुण्य अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सबको साथ लेकर आगे चलते हैं। उनका नारा सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास है जिसे छत्तीसगढ़ की सरकार ने भी अपनाया है और इसी दिशा में सभी समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी से लेकर अन्य स्थानों को विकसित करने का कार्य पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में किया गया।

#### चांदी का मुकुट पहनाकर किया अभिनन्दन

समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय और अन्य अतिथियों ने आरती और जैतखाम की पूजा कर ध्वजारोहण में शामिल हुए। सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का गर्मजोशी से गजमाला पहनाकर स्वागत और चाँदी का मुकुट पहनाकर अभिनन्दन किया। बाबा गुरु घासीदास के तैलचित्र सहित गुलाब के फूल भेंट किए गए। मुख्यमंत्री श्री साय ने सालिक निर्मल दिवाकर के पुस्तक ''माँ की चाहत'' का विमोचन भी किया।


उन्होंने कहा कि एक साल के कार्यकाल में जो भी वादा था उसे पूरा किया गया है। पीएम आवास का निर्माण, 3100 में धान खरीदी, 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान, 5500 प्रति मानक बोरा तेंदूपत्ता की पारिश्रमिक, 70 लाख महिलाओं के खाते में हर महीने एक हजार रुपये और पीएससी में गड़बड़ी की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली में यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए ट्राइबल हॉस्टल जानकारी देते हुए कहा कि समाज को शिक्षा के क्षेत्र में और आगे बढ़ना होगा। हमारी नई शिक्षा नीति, उद्योग नीति गरीबों, युवाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति, अग्निवीरो, दिव्यांगजनो के लिए फायदेमंद है। समाज उद्यम के क्षेत्र में भी आगे बढ़े और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम मंत्री श्री दयालदास बघेल ने सामाजिक बन्धुओं से बाबा गुरु घासीदास जी ने संदेशों को अपनाने का आव्हान किया। उन्होंने समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर उद्योग-धंधे की ओर आगे बढ़ने की अपील की।

छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने सभी लोगों को गुरू पर्व की बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य का विकास किया जा रहा है। यहाँ डोम निर्माण के लिए भी राशि जारी की गई है। आने वाले दिनों में भव्य डोम नजर आएगा।

## अंडमान और निकोबार द्वीपों का नाम हमारे नायकों पर रखने से आने वाली पीढ़ियां रखेंगी याद : पीएम मोदी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि अंडमान और निकोबार के द्वीपों का नाम हमारे नायकों के नाम पर रखना यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को आने वाली पीढ़ियां याद रखें।

पत्रकार शिव अरूर की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने लिखा, अंडमान और निकोबार में द्वीपों का नाम हमारे नायकों के नाम पर रखना यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को आने वाली पीढ़ियों तक याद रखा जाए। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और उन प्रतिष्ठित हस्तियों की स्मृति को संरक्षित करने के प्रयास का भी हिस्सा है, जिन्होंने हमारे देश पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

पीएम मोदी ने आगे लिखा, जो राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, वे ही विकास और राष्ट्र-निर्माण में आगे बढ़ते हैं। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का भी आनंद लें। सेलुलर जेल भी अवश्य जाएं और महान वीर सावरकर के साहस से प्रेरणा लें।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल 23 जनवरी 2023 को अंडमान के 21 द्वीपों के नाम भारत के सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित सैनिकों के नाम पर रखे गए थे।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा था, 21 द्वीपों के नामकरण के पीछे एक संदेश हैं। यह संदेश एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना का है। यह संदेश देश के लिए हमारे परमवीरों के बलिदान और उनके अद्वितीय साहस और वीरता का है। इन 21 परमवीर चक्र विजेताओं ने देश की सेवा में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। वे अलग-अलग राज्यों से थे, अलग-अलग भाषाएं बोलते थे, लेकिन वे देश की सेवा में एकजुट थे। यह देश का कर्तव्य है कि सेना के योगदान के साथ-साथ इन राष्ट्रीय रक्षा अभियानों के लिए खुद को समर्पित करने वाले सैनिकों को भी व्यापक रूप से मान्यता दी जाए।

## केजरीवाल ने संजीवनी स्वास्थ्य योजना का किया ऐलान, दिल्ली के बुजुर्गों का मुफ्त होगा इलाज




संजीवनी योजना का ऐलान करते हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को बुजुर्गों के लिए 'संजीवनी योजना' का ऐलान किया है. केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में सरकार बनने के बाद बुर्जुगों के लिए दिल्ली सरकार संजीवनी योजना लेकर के आएगी. इसमें 60 साल के ज्यादा के उम्र के सभी नागरिकों का मुफ्त इलाज होगा. इसमें कोई लिमिट या श्रेणी नहीं है. दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सरकार बनने के बाद यह योजना लागू होगी। ने कहा कि आज जो मैं बुजुर्गों के लिए स्कीम का एलान कर रहा हूं वो इतिहास में कभी नहीं हुआ. हम बुजुर्गों का बहुत सम्मान करते हैं. आपने देश को आगे बढ़ाने के लिए बहुत काम किया है. अब हमारी बारी है. केजरीवाल ने कहा कि हमने श्रवण कुमार से प्रेरित होकर बुर्जुगों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरुआत की. अभी तक तकरीबन 1 लाख बुजुर्ग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं. देश के सभी तीर्थ स्थलों पर भेजा जाता है. सारा खर्चा दिल्ली सरकार उठाती है।

## कई सांसदों ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी समेत भारतीय जनता पार्टी के कई सांसदों ने बुधवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और गृह मंत्री अमित शाह से उनके उस बयान के लिए माफी मांगने की मांग की, जिसमें उन्होंने दावा किया कि यह बी आर अंबेडकर का अपमान है। सांसद संसद के मकर द्वार की सीढ़ियों के सामने अंबेडकर की तस्वीरें लेकर खड़े हुए। उन्होंने 'जय भीम', 'संघ का विधान नहीं चलेगा' और 'अमित शाह माफ़ी मांगो' जैसे नारे लगाए। कांग्रेस, डीएमके, आरजेडी, लेफ्ट, आप समेत कई पार्टियों के सांसदों ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में शाह की टिप्पणी से पता चलता है कि बीजेपी और आरएसएस नेताओं के मन में अंबेडकर के लिए बहुत नफरत है और उन्होंने उनसे माफी की मांग की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा था कि जो लोग मनुस्मृति में विश्वास करते हैं, वे निश्चित रूप से अंबेडकर से असहमत होंगे। कांग्रेस महासचिव-प्रभारी संचार जयराम रमेश ने उच्च सदन में शाह के भाषण से एक्स पर एक वीडियो स्निपेट साझा किया था। अभी एक फैशन हो गया है- अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। शाह ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा था। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भी शाह पर निशाना साधते हुए कहा था कि गृह मंत्री द्वारा बाबासाहेब का अपमान एक बार फिर साबित कर दिया है कि भाजपा-आरएसएस तिरंगे के खिलाफ थे, उनके पूर्वजों ने अशोक चक्र का विरोध किया था और संघ परिवार के लोग पहले दिन से ही भारत के संविधान के बजाय मनुस्मृति को लागू करना चाहते थे।

## पदोन्नति के साथ चार अभियंताओं को नई जिम्मेदारी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन ने इंजीनियरों के प्रमोशन और ट्रांसफर ऑर्डर जारी किए हैं। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के अधिकारियों का प्रमोशन और ट्रांसफर हुआ है। इसमें जयंत सिन्हा को सहायक संचालक से उप संचालक बनाया गया है, और उन्हें दुर्ग के क्षेत्रीय कार्यालय से संचालनालय में पोस्टिंग दी गई है। जबकि बिलासपुर क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ क्रांति अशोक कुमार को कार्यपालन अभियंता के पद से प्रमोट कर अधीक्षण अभियंता बनाया गया है। इन्हें बिलासपुर के क्षेत्रीय कार्यालय से संयुक्त संचालक कार्यालय बिलासपुर में पदस्थ किया गया है। जबकि विनिता वर्मा और दीपक कुमार खाण्डे को सहायक अभियंता से कार्यपालन अभियंता बनाया गया है। दोनों ही अधिकारी अपने पूर्ववर्ती जगहों में पदस्थ रहेंगे।

## साय सरकार का बड़ा राहत भरा फैसला : रजिस्ट्री में जमीन पर पेड़ का नहीं होगा मूल्यांकन, नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर




**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में साय सरकार ने जिन जमीनों पर पेड़ हैं, उसकी रजिस्ट्री में होने वाली परेशानी से बचाने के लिए नया आदेश जारी किया है। इससे अब रजिस्ट्री में जमीन पर पेड़ का मूल्यांकन नहीं होगा। वहीं रजिस्ट्री की फीस के साथ पटवारी के पास चक्कर लगाने से लोगों को मुक्ति मिल जाएगी।

उल्लेखनीय है कि, अब तक जमीन पर लगे पेड़ का जिक्र भी रजिस्ट्री के दौरान देना होता था। इसमें सागौन, सरई जैसे मूल्यवान लकड़ियों के वृक्षों के लिए जो रेट निर्धारित था। वह जमीन के गाइडलाइन रेट में जुड़ जाती थी। इससे रजिस्ट्री शुल्क में वृद्धि तो होती ही थी। लेकिन उससे ज्यादा परेशानी पटवारियों के पास बिना वृक्ष की भूमि के प्रमाण पत्र बनाने में होती थी। पटवारी इस छोटी सी बात के लिए लोग चक्कर लगाते रहते थे।

**500 रुपये में होगी संपत्ति की रजिस्ट्री :** वहीं सरकार ने भूमि स्वामियों और सम्पत्ति मालिकों के लिए राहत भरा फ़ैसला किया। सरकार द्वारा जारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार पारिवारिक सदस्यों के आपस में हक त्याग पर मात्र 500 रुपये देकर सम्पत्ति की रजिस्ट्री हो जायेगी। वहीं परिवार से बाहर किसी व्यक्ति के हित में सम्पत्ति का हक़ त्यागने पर गाइडलाइन के अनुसार 4 प्रतिशत की राशि देय होगी। पहले पारिवारिक बंटवारे की ज़मीन की रजिस्ट्री पर गाइडलाइन रेट पर 1.5 प्रतिशत की राशि देय होती थी। नई व्यवस्था में 25000 रुपये देकर घर जाकर रजिस्ट्री का प्रावधान किया गया है ये प्रावधान पहले केवल मेडिकल ग्राउण्ड पर ही संभव था।

## कुम्हारी टोल प्लाजा बंद करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर नितिन गडकरी से मिले सांसद बृजमोहन अग्रवाल



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** रायपुर-दुर्ग राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर स्थित कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद करने समेत विभिन्न कार्यों को लेकर रायपुर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि कुम्हारी टोल प्लाजा वर्षों से संचालित है, अवधि पूर्ण हो जाने के बाद भी यह टोल प्लाजा अवैध रूप से संचालित हो रहा है, जिससे स्थानीय जनता को भारी असुविधा और जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है, इस कारण क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने टोल प्लाजा को तत्काल बंद करने की मांग की।

बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर शहर की यातायात की समस्या और परिवहन के बुनियादी ढांचे की समस्याओं के समाधान के लिए माननीय गडकरी जी के सामने निम्नलिखित मांगे रखी, जिनमें रिंग रोड नं. 01 (एनएच-53) के सर्विस रोड को 5 मीटर से बढ़ाकर 11 मीटर करना। रायपुर रेलवे स्टेशन से नेशनल हाइवे 30 के जंक्शन तक बने एक्सप्रेस हाईवे को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सौंपना। एक्सप्रेस हाईवे पर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 (शदाणी दरबार) के जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर का निर्माण। भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेसवे में अभनपुर-राजिम-गरियाबंद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130ष्ट के क्रॉसिंग पॉइंट पर इंटरचेंज सुविधा का निर्माण। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 (कमल विहार चौक) के जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर का निर्माण।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद से रायपुर को राजधानी की तर्ज पर विकसित करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही है। बढ़ती जनसंख्या और यातायात समस्याओं के चलते रायपुर में रोजाना तेलीबांधा रिंग रोड चौक जैसे स्थानों पर जाम की स्थिति बनती है। रिंग रोड के बाहर बन चुकी बड़ी कॉलोनियां, बाजार और व्यावसायिक परिसरों के कारण शहर की यातायात समस्या गंभीर हो गई है। विशाखापट्टनम और उड़ीसा की ओर जाने वाले मालवाहक और यात्री वाहनों के लिए एक्सप्रेसवे का निर्माण शहर के बाहर प्रवेश और निकासी की सुविधाएं प्रदान करेगा। इससे न केवल जाम और दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि स्थानीय निवासियों को राहत भी मिलेगी। बृजमोहन अग्रवाल ने नितिन गडकरी से आग्रह किया कि रायपुर को एक आधुनिक राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए इन मांगों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए।

### विकास के पुल से जुड़े पहाड़ों के दिल

## रेल की पटरी पर दौड़ेगा कश्मीर घाटी का सपना





**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना यानि USBRL भारतीय रेल के स्वर्णिम भविष्य का एक चमकता हुआ अध्याय है। जो देश के हर हिस्से को कश्मीर तक की अबाध यात्रा के मार्ग से जोड़ रही है। यह राष्ट्रीय परियोजना न केवल देश की इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रदर्शन है, बल्कि यह जम्मू-कश्मीर की भौगोलिक चुनौतियों पर विजय का प्रतीक भी है। विकास के पुल से जुड़े पहाड़ों के दिल-

**चिनाब ब्रिज-** हिमालय की ऊंचाइयों में चल रहे प्रोजेक्ट का सबसे चमकदार मोती है चिनाब ब्रिज। जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल है। यह पुल समुद्र तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है और कुतुब मीनार से पांच गुना ऊंचा। 266 किलोमीटर प्रति घंटे चलती हवा की रफ्तार को भी चिनाब ब्रिज आसानी से झेल सकता है। अंजी खड्ड ब्रिज 96 केबल के सहारे निर्मित 725 मीटर लंबा अंजी खड्ड ब्रिज देश का पहला केबल आधारित रेल ब्रिज है। कटरा-बनिहाल रेल खंड का हिस्सा ये पुल समुद्र तल से 331 मीटर ऊपर है। यह अद्भुत संरचना न केवल भारतीय रेल की उपलब्धियों की गाथा गाती है, बल्कि कश्मीर घाटी को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का भी वादा करती है।

**आर्थिक विकास से राष्ट्र सुरक्षा तक का सेतु :** USBRL न केवल भारत के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए भी मील का पत्थर साबित होगी।

**आर्थिक विकास-** रेल लिंक से करमीर घाटी में व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी, जिससे कृषि उत्पादों, शिल्प और स्थानीय उद्योगों को बड़े बाजारों तक पहुंच मिलेगी।

**पर्यटन को बढ़ावा :** इस रेल लिंक के जरिए करमौर में पर्यटन को नई ऊंचाई मिलेगी। पर्यटकों के लिए घाटों तक पहुंचना आसान और किफायती होगा।

**रोजगार के अवसर :** परियोजना के निर्माण के दौरान हजारों लोगों को रोजगार मिला और इसके संचालन के बाद भी कई स्थानीय निवासियों को रोजगार मिलेगा।

**पुख्ता राष्ट्र सुरक्षा :** रेल लिंक से न केवल सेना को त्वरित आवाजाही संभव होगी, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में संसाधनों की तेज आपूर्ति भी सुनिश्चित होगी।

**आकर्षक इंजीनियरिंग और साहस की मिसाल :** USBRL को भारतीय रेल के लिए एक आर्किटेक्चरल वंडर माना जा रहा है। इस परियोजना की लंबाई 272 किलोमीटर है। जिसका अधिकांश हिस्सा दुर्गम पहाड़ियों, बर्फीले इलाकों और गहरी घाटियों से होकर गुजरता है। इसमें 943 छोटे-बड़े पुल और 36 मैन सुरंग शामिल हैं। जिसमें भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग टी-50 भी है जो करीब 12.77 किलोमीटर है। भारत के सबसे कठिन रेल निर्माण प्रोजेक्ट में से एक USBRL की लागत करीब 37 हजार करोड़ रुपए है।

#### उम्मीदों की पटरी...

USBRI न केवल रेल की पटरी है, बल्कि वह उन उम्मीदों का मार्ग है, जो कश्मीर के भविष्य को उज्जवल बनाने की ओर अग्रसर है। इसमें ऐसे कई महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन हैं जो जम्मू कश्मीर की तरक्की, सुरक्षा, सुविधा और समृद्धि को सुगम करते हैं। कश्मीर घाटी का प्रवेश द्वार कहे जाने जाने वाला काजीगुंड स्टेशन दक्षिणी कश्मीर को शेष क्षेत्र से जोड़ने की अहम कड़ी है। पंपोर, श्रीनगर, सोपोर, अनंतनाग जैसे रेलवे स्टेशन घाटी के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में से एक है। वहीं रियासी और कटरा रेलवे स्टेशन का विश्व प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर के निकट होने के कारण इसका महत्व बढ़ जाता है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना सिर्फ एक रेल संपर्क नहीं, बल्कि कश्मीर घाटी को भारत के बाकी हिस्सों से मजबूती से जोड़ने वाला एक ऐतिहासिक कदम है। भारतीय रेल ने इस परियोजना के साथ करनीर घाटी को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने की जो प्रतिबद्धता जताई थी, वो जमीन पर साकार हो रही है।

दैनिक
# विश्व परिवार

रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार

रायपुर, गुरुवार 19 दिसम्बर 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## राज्यपाल रमेन डेका से मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा ने सौजन्य भेंट की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने सौजन्य मुलाकात की।

## एमगिरी वर्धा में अखिल जैन ने गौ आधारित कृषि पर दिया प्रशिक्षण, किसानों में उत्सुकता देख उत्तरप्रदेश में आए दिया गया न्यौता

### डॉ. जैन ने कहा- गौ आधारित कृषि ही हमारा आने वाला कल



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान (एमगिरी) वर्धा के जैव प्रसंस्करण एवं जड़ी-बूटी विभाग द्वारा 17 से 18 दिसंबर को 'पंचगव्य आधारित उत्पादों का विपणन: चुनौतियां, समाधान एवं अवसर' विषय पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यशाला और विचार-मंथन सत्र आयोजित किया गया। यहां छत्तीसगढ़ से पहली बार किसी ने प्रशिक्षण दिया। इस कार्यशाला में आमंत्रित मनोहर गौशाला के ट्रस्ट्री डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) ने पहले दिन मंगलवार को 15 मिनट का गौ आधारित कृषि पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में डॉ. जैन ने कहा कि गौ आधारित कृषि ही हमारा आने वाला कल और आने वाला पल है, जिसे सुरक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने देशभर से आए सभी गौ प्रेमियों और किसानों से खेती में गोबर एवं गौ मूत्र का सर्वोपरि उपयोग करने की अपील की, ताकि धरती को जहरमुक्त किया जा सके। उन्होंने वहां मौजूद लोगो से इस अभियान में जुड़कर इसे सार्थक करने करने का सहयोग मांगा। कार्यक्रम में मौजूद उत्तरप्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने डॉ. जैन को उत्तरप्रदेश आकर वहां के गौ पालकों को प्रशिक्षण देने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। कार्यक्रम में अखिल जैन का सम्मान किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष शेखर मूंदड़ा, एमगिरी के निदेशक डॉ. आशुतोष मुरकुटे, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के निदेशक सुनील मानसिंह सहित देश के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, गौशाला के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**1934 में हुई थी एमगिरी की स्थापना :** बता दें कि महात्मा गांधी ने अखिल भारतीय ग्रामोद्योग संघ की स्थापना 14 दिसंबर 1934 को महिला आश्रम, वर्धा के ऊपरी कक्ष में की थी। बापू की इच्छानुसार इस आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए कांग्रेस द्वारा 'स्थायित्व की अर्थव्यवस्था' के सिद्धांत के लिए प्रख्यात डॉ. जोसेफ कार्नेलियस कुमारप्पा का चयन किया गया। इस संगठन के प्रथम अध्यक्ष श्री कृष्णदास जाजू बने। अखिल भारतीय ग्रामोद्योग संघ का एक बोर्ड (संचालक मंडल) था, जिसमें डॉ. सीवी रमण एवं डॉ. जेसी बोस जैसे विख्यात वैज्ञानिक तथा समाज एवं उद्योग से जुड़ी हुई जानी-मानी हस्तियाँ, जिनमें रवींद्रनाथ टैगोर, जीडी बिरला, एमए अंसारी और सतीशचंद्र दासगुप्ता के साथ अन्य 18 सलाहकार थे। सन् 1936 में गांधीजी ने 'वर्धा हाट' का भी शुभारंभ किया ताकि ग्रामोद्योगों उत्पादों के उत्पादकों को बाज़ार मिल सके। गांधीजी के देहावसान के पश्चात 1949 से 1951 तक इस संस्था के अध्यक्ष डॉ. कुमारप्पा एवं सचिव डॉ. जी. रामचंद्रन रहे।

## सुशासन दिवस पर हुआ किसानों का सम्मान




**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** सुशासन के 1वर्ष पूर्ण होने पर किसान सम्मान समारोह का आयोजन ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित नवापारा में किया गया।इस अवसर पर प्राधिकृत अध्यक्ष छन्नुलाल साहू के द्वारा किसानों को श्रीफल एवं फूल माला भेट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नवापारा के कृषक हरिशंकर साहू, मंसाराम, ईश्वरी, मिलउ, सीताराम, दुखू निषाद, नारायण, विश्वनाथ, संतोष, हेमलाल, पुराणिक, कुंजीलाल, श्रीमती गिरजाबाई, श्रीमती ओमबाई, ग्राम छाटा से दशरथ साहू, शंकर साहू, देव कुमार साहू, डोमार साहू, तर्री से सतीश वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, पारागांव कोलियरी से हेमलाल चक्रधारी, आसाराम पटेल, राम अवतार देवांगन, रामनाथ सोनकर, किरण सोनकर, तीरथ चक्रधारी, शंकर देवांगन के अलावा समिति प्रबंधक नूतन साहू कर्मचारी गण शालू साहू, शंकर निषाद, तिलक साहू, सोहन निषाद सहित गोबरा नवापारा, छांटा, तर्री, पारागांव कोलियरी के अनेक किसानगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुशतैनी मकान पर विवाद, डॉक्टर ने की एसएसपी से शिकायत



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पुस्तैनी मकान को लेकर एक डॉक्टर को धमकाने का मामला सामने आया है। उन्होंने इसकी शिकायत एसएसपी से की है। शिकायतकर्ता मोहम्मद शोएब अखाई ने बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता लेकर बताया कि मेरे बड़े भाई सोहेल मकान के नाम पर अक्सर लड़ाई झगड़ा करते हैं। पुशतैनी सम्पति में उन्होंने 1 करोड़ की प्राप्ति बजी कर ली। जिसका लिखित प्रमाण उनके पास मौजूद है। बड़े भाई ने उनकी मां से भी मारपीट की जिसकी रिपोर्ट मोवा थाने में दर्ज कराई गई थी। इतना ही उनके बड़े भाई ने डॉक्टर शोएब की सगाई के बाद उनके ससुरालवालों से 1 करोड़ का दहेज भी मांगा। जिसका डॉक्टर ने विरोध किया तो फ़र्ज़ी केस में फसाने की धमकी दी। डॉक्टर की डिग्री को फर्जी बताकर सोशल मीडिया में में पोस्ट डाले। इसलिए उन्होंने अब पूरे मामले की शिकायत एसएसपी से की है। उन्होंने इसकी शिकायत मानवाधिकार आयोग से भी की है।

### आयुक्त के निर्देश पर भिलाई के प्रमुख चौक चौराहो पर अलाव जलाने की व्यवस्था



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** बढ़ती हुई ठंड को देखकर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम भिलाई के प्रमुख चौक चौराहो पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। जिससे स्थानी निवासियों, रिक्शा चालक, गाड़ी चलाने वाले, आम नागरिक ठंड से राहत प्राप्त पा सके।

### जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव हुआ सम्पन्न




**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव 2024 कार्यक्रम अंतर्गत आज 17 दिसंबर 2024 को नगर पंचायत पलारी के बालसमुन्द रोड़ सतनाम भवन में जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक विशिष्टगणों के साथ-साथ लगभग 2500 से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति रही शासन निर्देशानुसार राज्य स्तरीय लोककला महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जिले के दो दलों को अधिक प्राप्तांकों के आधार पर चयन किया गया। आयोजित कार्यक्रम पूर्णतः सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। उक्त जानकारी आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त संजय कुर्रे ने दी है।

### सजल सखियों ने एक थाली एक थैला अभियान में अपनी सहभागिता निभाई




**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** नगर की जागरूक महिलाओं का अग्रणी समाजसेवी समूह 'सजल ' की महिलाओं ने प्रयागराज में आयोजित कुंभ में अपनी भागीदारी निभाने का पुण्य भरा कार्य किया है। प्रयागराज में आयोजित प्लास्टिक मुक्त कुंभ 2025 के अंतर्गत एक थाली एक थैला अभियान के तहत जशपुर के सजल ग्रुप द्वारा 21 थाली एवं थैला का सहयोग प्रदान किया गया। प्रेरणा भवन, जशपुर में सभी सजल सखियों द्वारा प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले हमार जशपुर हमर अभियान, में सहभागिता निभाकर उपरोक्त सामग्री सौपी। इस अवसर पर श्रीमती रेखा सिंह, हेमा शर्मा, ममता सिन्हा, ज्योति श्रीवास्तव, सीमा गुप्ता, किरण महतो, ज्योति साहनी, सरिता साहू, शशि साहू, मंजुला झा, अभिलाषा गुप्ता, डॉली कुशवाहा, रीना सोनी एवं अनिता गुप्ता उपस्थित रहे।

## पार्षद अजीत कुकरेजा ने सवा करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मदर टेरेसा वार्ड पार्षद अजीत कुकरेजा ने आज अपने मदर टेरेसा वार्ड क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। पार्षद ने देवार पारा में 32 लाख रुपये के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही लगभग 62 लाख रुपए का बीएसयूपी कॉलोनी तेलीबांधा में नाली कवर्ड निर्माण कार्य, छतो में वाटर प्रोडिंग, स्मार्ट आंगनबाड़ी निर्माण कार्य के लिए एवं तेलीबांधा मुख्य रोड में कवर्ड नाली निर्माण का भूमि पूजन किया। विभिन्न विकास कार्यों के लिए लगभग 1.25 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया।

मदर टेरेसा वार्ड में पार्षद अजीत कुकरेजा के द्वारा लगातार विकास कार्य किया जा रहा है जिससे वार्डवासियों में खुशी का माहौल है और पिछले 5 वर्षों में पार्षद अजीत कुकरेजा ने वार्ड में लगभग 16 करोड़ के अलग अलग विकास कार्यों को पूर्ण किया है जो अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

इस मौके पर पार्षद अजीत कुकरेजा ने कहा कि वार्ड का विकास ही मेरी प्राथमिकता है और मैं लगातार वार्ड के विकास के लिए सतत प्रयासरत हू मेरे द्वारा वार्ड का विकास कार्य लगातार किया जा रहा है और जितने भी थोड़े बहुत कम बचे हैं उसे भी मैं चाहता हूं कि जल्द से जल्द पूरा कर सकूं। इस अवसर पर पार्षद अजीत कुकरेजा वार्ड के गणमान्य नागरीकगण, महिलाएं, युवाएं एवं बुजुर्ग एवं बच्चे आदि मौजूद थे।

## एनआईटी रायपुर मे इमर्जिंग टेक्नोलोजिस एंड एप्लिकेशन इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पर द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारम्भ

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने 18 दिसंबर 2024 को इमर्जिंग टेक्नोलोजिस एंड एप्लिकेशन इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विषय पर दो दिवसीय द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। हाइब्रिड मोड में आयोजित इस सम्मेलन के उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री भीम सिंह कंवर थे। इस सम्मेलन के विशेष अतिथि एनआईटी रायपुर के डायरेक्टर डॉ. एन. वी. रमना राव, और सम्माननीय अतिथि डीन (आकदमिक) डॉ. श्रीश वर्मा रहे 7 कार्यक्रम की अध्यक्षता इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने की। कार्यक्रम के आयोजन सचिवों में डॉ. डी. सुरेश, डॉ. वी. हरि प्रिया, डॉ. राजन कुमार और डॉ. चिलका रंगा शामिल हैं। इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की प्रोफेसर डॉ. शुभ्रता गुप्ता, फैकल्टी मेम्बर्स, प्रतिभागी, स्कॉलर और छात्र उपस्थित थे।




इस सम्मेलन में उन्नत और उभरती तकनीकों जैसे पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा, उन्नत सेमीकंडक्टर्स, ऊर्जा भंडारण, ऑप्टिक्स और फोटोनिक्स, और स्मार्ट ग्रिड नियंत्रण तकनीकों पर जोर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पावर ग्रिड की सुरक्षा और नियंत्रण, उच्च वोल्टेज अभियांत्रिकी, और पावर जनरेशन, ट्रांसमिशन, और डिस्ट्रीब्यूशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के अनुप्रयोगों पर भी चर्चा करने के लिए मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम का आरंभ डॉ.अनामिका यादव के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में कुल 250 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 70 का चयन किया गया। इन शोध पत्रों में भारत, चीन, और सऊदी अरब के शोधकर्ताओं ने भी भाग लिया था। इसके अलावा उन्होंने नेटवर्किंग और विचारों के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. श्रीश वर्मा ने विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की प्रशंसा की और कार्यक्रम में बढ़ती अंतरराष्ट्रीय भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में प्रस्तुत शोध पत्रों को 30त्न स्वीकार्यता दर से चयन किया गया, जो शोध की गुणवत्ता को दर्शाता है।

डॉ. एन.वी. रामना राव ने स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा पूर्वानुमान, बैटरी भंडारण, और इलेक्ट्रिक वाहनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (ढ्ढशञ्ज) का उपयोग कृषि और सामुदायिक ऊर्जा उत्पादन में भी किया जा सकता है।

श्री भीम सिंह कंवर ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी (CSPDCL) की सेवाओं और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 5000 मेगावाट बिजली की मांग है, जो 2030 तक 9000 मेगावाट तक बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि चैटबॉट, वर्चुअल असिस्टेंट और उन्नत टूल का उपयोग करके ग्राहक सेवा को उन्नत करने के प्रयास किये जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, विशेषकर सौर और पवन ऊर्जा, पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, साथ ही, उन्होंने बिजली चोरी रोकने, लोड बैलेंसिंग, और स्मार्ट ग्रिड के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उपकरणों के लाभों पर भी चर्चा की। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए बिजली क्षेत्र में बढ़ते हुए साइबर सुरक्षा जोखिमों से भी बचने की बात की।

## नशा मुक्ति को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज दिनांक 18 12.2024 को गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष में समाज कल्याण विभाग के निर्देशा नुसार अवतार नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र रायपुर द्वारा चौबे कॉलोनी रोड स्थित अनुपम गार्डन में नशा मुक्ति को लेकर दो चरणों में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रथम चरण मैं सांप सीढ़ी तथा दूसरे चरण में निशानेबाजी का खेल रखा गया। प्रथम चरण में सांप रूपी नासा तथा सीढ़ी के रूप में नशा छोड़ने के लिए मददगार विषयों को प्रस्तुत किया गया। जिसमें युवाओं बच्चों एवं युवतियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके पश्चात दूसरे चरण में निशानेबाजी का खेल रखा गया जिसमें नशे के प्रकार निशाने के रूप में थे जिसने एक पिरामिड का आकार लिया हुआ था जिसे रिकवरी बॉल से गिराना था इस बॉल में नशा मुक्ति हेतु पुनर्वासन, योग, धार्मिक कार्यकलाप, अल्कोहल एनानिमस, नारकोटिक एनोनिमस आदि रिकवरी विषयों का जिक्र किया गया था। जिससे लोग नशे से दूर रहने के बारे में सीख सके तथा इस विषय पर जागरूक रहे। कार्यक्रम के समाप्ति के साथ लोगों में प्रोत्साहन और जागरूकता बढ़ाने के लिए पुरस्कार वितरण भी किया गया। इसमें खेल के कुल 12 विजेता रहे। इस कार्यक्रम में अवतार नशा मुक्ति केंद्र से रश्मि दुबे, सुरज सिंह चौहान, विनीत दुबे, मेनका बावनकर, दीपेंद्र वर्मा, एवं अवतार पूरी की टीम, योग आयोग से आधिकारी रविकांत कुंभकर जी एवं रायपुर शहर की बहुत सारी आम जनता जो सुबह मॉर्निंग वॉक एवं योगा करने के लिए अनुपम गार्डन में आते हैं वह सभी ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## प्रशासन गांव क़ी ओर अभियान, ग्राम पंचायतों में शिविर आज से

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव क़ी ओर मनाया जा रहा है। इसके तहत 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक प्रत्येक जनपद पंचायत अंतर्गत पंचायतों में एवं नगरीय निकायों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 दिसम्बर 2024 को जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत लाहोद, भाटापारा के ग्राम पंचायत तरेंगा, सिमगा के ग्राम पंचायत बनसांकरा, पलारी के ग्राम पंचायत अमेरा एवं कसडोल के ग्राम पंचायत छरछेद में सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांव की ओर अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसीप्रकार 20 दिसम्बर को जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत मरदा, भाटापारा के ग्राम पंचायत अमलीडीह, सिमगा के ग्राम पंचायत हथ बंद, पलारी के ग्राम पंचायत मुड़पार एवं कसडोल के ग्राम पंचायत बेरसी, 23 दिसम्बर को जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत रसेड़ी, भाटापारा के ग्राम पंचायत करहीबाजार, सिमगा के ग्राम पंचायत कोलिहा, पलारी के ग्राम पंचायत वटगन एवं कसडोल के ग्राम पंचायत गिरौद, 24 दिसम्बर को बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत अर्जुनी, भाटापारा के ग्राम पंचायत निपनिया, सिमगा के ग्राम पंचायत सुहेला, पलारी के ग्राम पंचायत बलौदी एवं कसडोल के ग्राम पंचायत सोनाखान में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## तलैया वॉलीबॉल निगम के भेलवा तालाब में विगत 18 वर्षों से चल रहा



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** भिलाई नगर निगम के भेलवा तालाब में विगत 18 वर्षों से तलैया वॉलीबॉल लगातार चल रहा है। वहां पर रेत डालकर खिलाड़ी लोग वॉलीबॉल खेलते हैं। एक तरफ सुंदर सा तालाब है। दूसरे तरफ अंदर में वॉलीबॉल का ग्राउंड है। उसमें रेत डाल करके वॉलीबॉल ग्राउंड बनाया गया है। लोग वहां सुबह 7:00 से वॉलीबॉल खेलना शुरू कर देते हैं। यह लगातार 10:00 तक चलता रहता है। खिलाड़ी आते हैं शामिल होते हैं फिर अपने समय के हिसाब से चले जाते है। 18 साल से लेकर के 65 साल के खिलाड़ी खेलते हैं। जो भी वहां पर एक्सरसाइज करने आता है सब उत्साह देखकर के वह भी खेलने लगता है। वहां पर शर्त लगता है, जो जो हारती है वह टीम नाश्ता कराती है। नगर निगम भिलाई द्वारा समय-समय पर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके बारे में यतींद्र चंद्राकर ने बताया समुद्र के किनारे बालू में वॉलीबॉल खेलना देखकर के हम लोगों को भी लगा की ज्यादा प्रेक्टिस ताकत बालू में खेलने से लगेगा। हम सब बिजनेसमैन, निगम के ठेकेदार, नौकरी करने वाले, पढ़ने वाले सभी तरह के लोग हैं। कम समय में खेल करके अपने आप को फिट रखना चाहते हैं। इसीलिए भेलवा तालाब के किनारे बालू डाल करके खेलना शुरू दिया गया। जो ठंड, गर्मी, बरसात मे विगत 18 साल से चल रहा है। अब तलैया वॉलीबॉल हो गया है। सभी खिलाड़ियों में एक पारिवारिक माहौल है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय तालाब का निरीक्षण करने के लिए आए थे। उन्हें भी यह देखकर अच्छा लगा कि यहां पर चारों तरफ हरियाली है। बीच में सरोवर है। कुछ लोग एक तरफ पर योग कर रहे हैं, हैप्पी ग्रुप के तरफ से कहीं लाफिंग हो रहा है। एक तरफ जिम चल रहा है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**(1) निविदा सूचना क्र.: WRSR-09-23-24-EOTCRANE-RT दिनांक: 16.12.2024**

**कार्य का नाम:** खुली निविदा के तहत (अ) वैगन रिपेयर शॉप, रायपुर, एस. ई. सि. रेलवे में 16 ई.ओ.टी क्रेन का कोम्प्रेहेंसिव ए. एम. सी सहित प्रिवेंटिव एवं ब्रेकडाउन मेंटेनन्स 2 वर्ष की अवधि के लिए. **अनुमानित निविदा मूल्य :** Rs. 2,35,78, 970.16/- (रुपये दो करोड़ पैंतीस लाख अठहत्तर हज़ार नौ सौ सत्तर और सोलह पैसा मात्र) जीएसटी 18% सहित । **मात्रा और संविदात्मक अवधि:** संलग्नक के अनुसार 2 वर्ष । **निविदा दस्तावेज़ लागत :** 3,000/- (रुपये तीन हज़ार मात्र) **बयाना राशि (रु.):** 2,67,900.00/- (रुपए दो लाख सड़सठ हज़ार नौ सौ मात्र) **निविदा समाप्ति तिथि और समय:** 07/01/2025 को 15:00 बजे। **बिड प्रारंभ की तारीख:** 24/12/2024 **पात्रता मापदंड:** वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइटwww.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (II)/वैरिशा/**
**PR/R/WRS/AAA/190 द.पू.मध्य रेलवे, रायपुर**

South East Central Railway @secrail

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**क्रमांक / /अ-6अ/2024-2025**
**रायपुर, दिनांक 05/12/2024**
**ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 58**
**तहसील व जिला रायपुर**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को अधित किया जाता है कि **आवेदक विकास शर्मा पिता स्व. श्री पी.एल शर्मा निवासी रोहणीपुरम गोल चौक डंगनिया तहसील व जिला रायपुर** द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आयेवक के आधिपत्य एवं स्वामित्व की **भूमि ग्राम डंगनिया, प.ह.नं. 00058 रा.नि.मं. रायपुर-01, तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)** स्थित परिवर्तित भूमि जिसका **खसरा नंबर 79/4 का भाग रकबा 1525 वर्गफुट भूमि** धारित की जाती है। यह कि उपरोक्त संपति को आवेदक ने विक्रेता **किशन चौधरी पिता गनपत राय चौधरी, निवासी- डंगनिया, रायपुर छत्तीसगढ़** वाले से पंजीकृत विक्रय- विलेख **दिनांक 23.07.1996** को क्रय किया है, परन्तु वर्तमान **ऑनलाईन बी-1,** में **विक्रेता किशन चौधरी पिता गणपत राय चौधरी** का नाम अंकित दिखा रहा है। यह कि, उपरोक्त संपत्ति को आवेदक के द्वारा क्रय करने के पश्चात अपने नाम पर नामांतरण करा लिया गया है जिसका पटवारी / कार्यालय द्वारा द्वारा कंम्प्युटरीकृत / ऑनलाईन नहीं किया गया है, उपरोक्त खसरा व रकबा को कम्प्युटरीकरण / ऑनलाईन किये जाने हेतु आवेदक द्वारा यह आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। यह कि, उक्त भूमिं का मेनुअल **बी-1 मुझे दिनांक 30.07.2009** को प्रदान किया है, वर्तमान में शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्य के लिए मुझे **ऑन लाईन बी-1,** की आवश्यकता है का लेख करते हुए उक्त परिवर्तितं भूमि जिसका खसरा नंबर / 4 का भाग रकबा 1525 वर्गफुट भूमि का कम्प्यूटीरकण / ऑन लाईन किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में **दिनांक 27/12/2024** को होगी।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई **दिनांक 27/12/2024** तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**सूरजपुर। ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरजपुर में 17 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गणित दिवस महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्होंने गणित के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों के रूप में मनोज कुमार झा प्राचार्य, सेजस नवापरा, सूरजपुर ओम प्रकाश राजवाड़े व्याख्याता गणित संतोष उपाध्याय व्याख्याता गणित और अरुण कुमार चौबे व्याख्याता गणित उपस्थित रहे। इन गणित विशेषज्ञों ने गणित के प्रति छात्रों की रुचि बढ़ाने और इसे आसान व रोचक बनाने के तरीकों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद दलदल सिवनी, रायपुर के निर्देशानुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता, जिला समन्वयक श्रीमती अनु कांडे प्राचार्य, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर और सहायक जिला समन्वयक श्रीमती लिली नंदी वरिष्ठ व्याख्याता ने की। में इनके कुशल मार्गदर्शन में कार्यशाला का संचालन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।




पूरे जिले से 100 से अधिक गणित शिक्षकों की उपस्थिति रही। इस कार्यशाला के दौरान, छात्रों को गणित के प्रति उनके डर को कम करने और इसे उनके दैनिक जीवन से जोड़ने के विषय में चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने गणित की जटिल समस्याओं को रोचक विधियों से हल करने के तरीके सिखाए। श्रीनिवास रामानुजन के योगदान पर विशेष चर्चा करते हुए छात्रों को उनके जीवन और उपलब्धियों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। कार्यशाला में दिसंबर माह के दौरान विद्यालयों में गणित संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी विचार-विमर्श किया गया। शिक्षकों को प्रेरित किया गया कि वे विद्यार्थियों को गणित के प्रति उत्साहवर्धन करने के लिए नई और दिलचस्प तकनीकों का उपयोग करें। पूरे कार्यक्रम का संचालन नेपाल कुमार साहू ने किया साथ ही सुनील कुमार पांडे, दीपक पटेल, आर बी यादव, अजय कुमार पंडा, अभिषेक गुप्ता, प्रशांत दुबे, राजीव लोचन मिश्रा का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला ने छात्रों और शिक्षकों दोनों को गणित के प्रति एक नई दृष्टि और ऊर्जा प्रदान की। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और शिक्षकों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हुआ।

# महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता व सामाजिक सशक्तिकरण के अवसर कर रही प्रदान

### विद्या ध्रुव, संतोषी कश्यप जैसी लाखों महिलाएं महतारी वंदन योजना से बनी आत्मनिर्भर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करती है। जिससे वे स्वावलंबन की पथ पर अग्रसर हो सकें। यह योजना न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बन रही है, बल्कि पूरे समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कोरबा नगरीय क्षेत्र के बालको निवासी श्रीमती संतोषी कश्यप, श्रीमती रोशनी बेक, श्रीमती कंचन कंवर, श्रीमती उर्मिला भास्कर सहित अन्य महिलाओं ने महतारी वंदन योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना के तहत उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता मिली है, जिससे वे अब अपनी ज़रूरतों को आसानी से पूरा कर पा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह योजना न केवल उनके जीवन



को बेहतर बना रही है, साथ ही अपने परिवार का भरण-पोषण बेहतर तरीके से कर पा रही है। जो समाज में सकारात्मक बदलाव का कारण बन रहा है। इसी प्रकार पथर्रीपारा निवासी श्रीमती विद्या ध्रुव ने महतारी वंदन योजना से प्राप्त लाभ की जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस योजना ने उन्हें स्वावलंबन के सशक्त अवसर प्रदान किए हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और अब वे समाज में समान अधिकारों के साथ अपनी पहचान बना रही हैं। साथ ही, वे अपने पैरों पर खड़ी होकर अपने परिवार के जीवन यापन में सहयोग प्रदान करने में सक्षम हो पाई हैं। महतारी वंदन योजना से ऐसी कई महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है। इस योजना के माध्यम से महिलाएं न केवल खुद को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं, बल्कि वे अपने परिवारों के लिए एक प्रेरणा भी बन रही हैं।

# एसपी अब सप्ताह में दो दिन सुनेंगे जवानों की समस्या

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** जिला पुलिस कबीरधाम के जवानों के उज्ज्वल भविष्य और विभागीय समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने एक सराहनीय पहल की शुरुआत की है। पुलिस अधीक्षक, अपनी दूरदर्शिता और संवेदनशीलता के लिए पहचाने जाते हैं, और उनका उद्देश्य न केवल जिले की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है, बल्कि जवानों के मनोबल को भी ऊंचा करना है। धर्मेंद्र सिंह ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक शुक्रवार और मंगलवार को आरक्षक/प्रधान आरक्षकों को रक्षित निरीक्षक के माध्यम से ओ.आर. (ऑर्डरली रूम) पर पेश किया जाएगा, जहां उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को सुना जाएगा। यह प्रक्रिया जवानों की हर छोटी-बड़ी समस्या को सुलझाने और उनके करियर को नई दिशा देने के लिए की गई है। आज दिनांक 17 दिसंबर 2024 को इसी कड़ी में रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह ने जवानों को पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान जवानों ने पी.एस.सी. परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अनुमति मांगी, जिसे पुलिस अधीक्षक ने तुरंत स्वीकृत कर दिया। उनकी इस त्वरित कार्रवाई ने जवानों के मनोबल को और ऊंचा किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जवान हमारी ताकत हैं। उनकी समस्याओं का समाधान और उनके भविष्य को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता है। इस पहल से न केवल उनकी परेशानियां दूर होंगी, बल्कि उनकी कार्यक्षमता और समर्पण में भी बढ़ोतरी होगी।

# हाथी-मानव द्वंद्व प्रबंधन पर वन विभाग का जन जागरूकता अभियान आयोजित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वनमंडल कटघोरा अंतर्गत वनमण्डलाधिकारी कटघोरा के निर्देशानुसार साप्ताहिक हाट-बाजार में छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच कुटेशर नंगोई के द्वारा नुक्कड़,नाटक,नृत्य एवं संगीत के माध्यम से हाथी मानव द्वंद्व प्रबंधन हेतु जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कटघोरा वनमण्डल अंतर्गत 15 दिसंबर को साप्ताहिक बाजार मड़ई एवं कोरबी तथा 16 दिसंबर को ग्राम पंचायत घूंचपुर एवं ग्राम चोटिया बाजार में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को हाथियों से दूरी बनाए रखने, हाथियों से पर्याप्त सावधानी बरतने, हाथी के आने की सूचना तत्काल वन विभाग को देने, हाथी की उपस्थिति में जंगल नहीं जाने, हाथियों को देखने जंगल नहीं जाने, हाथियों के साथ फोटो व सेल्फी नहीं लेने, वन विभाग और ग्रामीण संगठित होकर हाथियों को जंगल तरफही रोकने, हाथियों की उपस्थिति में साप्ताहिक बाजारों से रात्रि होने के पूर्व अपने घर पहुंच जाने, संपत्ति हानि की भरपाई हो जाने किंतु जनहानि की भरपाई किसी के द्वारा नहीं कर पाने आदि संदेश दिया गया। उक्त कार्यक्रम में स्थानीय वन अमला, हाथी मित्र दल सदस्य एवं भारी जनसंख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# एसएसपी सूरजपुर ने शहीद परिवार के सदस्यों को साल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )**-सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूरजपुर पुलिस द्वारा जिले के 03 शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों को सम्मानित किया है। इस दौरान एसएसपी सूरजपुर ने शहीद परिवार के सदस्यों को साल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर उनकी समस्याओं को जाना और निराकरण किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने बुधवार, 18 दिसम्बर 2024 को



पुलिस लाईन में जिले के शहीद परिवार के उषा किण्डो, महिला आरक्षक सरिता कुजूर व नमिता केरकेट्टा को पुलिस अधिकारियों की देखरेख में सम्मान आमंत्रित कर उन्हें साल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। एसएसपी सूरजपुर ने शहीद परिवार के सदस्यों को कहा छत्तीसगढ़ शासन, प्रशासन व पुलिस सदैव आपके साथ है। जिला पुलिस परिवार का मुखिया होने के नाते आपकी समस्याओं का निराकरण करने की जिम्मेदारी मेरी है, जब भी कोई समस्या हो तो बेहिचक अपनी समस्या मुझसे साझा करें जिसका यथाशीघ्र तत्काल निराकरण किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने शहीद परिवार के सदस्यों से उनकी समस्याओं को जाना और निराकरण किया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शिव शिष्य समिति की मासिक बैठक भटगांव में संपन्न: शिव गुरु कार्य को गति देने पर जोर

### 31 दिसंबर को पोड़ी मोड़ में शिव गुरु चर्चा: नए निर्णयों से बढ़ेगा शिव गुरु कार्य

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-भटगांव जिले के भटगांव स्थित इंदिरा कॉलोनी में आज शिव शिष्य समिति की मासिक बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस बैठक में भगवान शिव गुरु के कार्य को और अधिक गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। समिति ने निर्णय लिया कि प्रत्येक माह विकासखंड स्तर पर एक दिवसीय शिव गुरु चर्चा का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को भगवान शिव के मार्गदर्शन में लाना है।

बैठक में यह तय हुआ कि पहली एक दिवसीय शिव गुरु चर्चा का आयोजन 31 दिसंबर को पोड़ी मोड़ स्थित सामुदायिक प्रांगण में किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर समिति ने आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की और जिम्मेदारियों का भी बंटवारा किया। शिव गुरु चर्चा के माध्यम से शिव गुरु के मार्ग को तेज गति देने की योजना पर भी सहमति बनी।

**बैठक में शामिल हुए नए शिष्य** - इस दौरान बैठक में उपस्थित लोगों के बीच गुरु की महिमा का



विशेष प्रचार-प्रसार किया गया। परिणामस्वरूप, तीन नए लोगों ने भगवान शिव को अपना गुरु स्वीकार किया और समिति के इस मुहिम से जुड़ने का संकल्प लिया।

**भारी संख्या में शिव शिष्य शामिल हुए** - बैठक में गुरु भाई-बहनों की उपस्थिति उत्साहजनक रही। उपस्थित सभी सदस्यों ने शिव गुरु कार्य को पूरे जिले में फैलाने के लिए अपना योगदान देने का वचन दिया। इस आयोजन ने समिति के भविष्य के कार्यों की रूपरेखा को सशक्त बनाया और शिव गुरु के मार्ग पर अधिक लोगों को जोड़ने की प्रेरणा दी।

**समिति के निर्णय और भविष्य की दिशा** - बैठक के निर्णयों में शिव गुरु चर्चा को तेज गति देने के साथ-साथ समिति की गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। यह कदम भगवान शिव गुरु के प्रति आस्था और जागरूकता को जन-जन तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होगा।

आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए सभी शिव शिष्य सक्रियता से जुट गए हैं, और यह बैठक समिति के लिए एक प्रेरणादायक मील का पत्थर साबित हुई है।

इस दौरान जानकी राम राजवाडे, रामशरण राजवाड़े, चंद्रिका कुशवाहा, अजय कुमार साहू, गोपाल देवांगन, वकील प्रसाद चौधरी प्यारेलाल विश्वकर्मा, मंगल साय प्रजापति, सुमित्रा रजक, अन्नू सिंह, सुमित्रा राजवाड़े, मनीषा सिंह, कलेश्वरी सिंह, विजय कुमार सिंह, दीप राजवाड़ेज सीता रजक, सुरेंद्र, अर्जुन रजक सहित अन्य गुरु भाई बहन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिसमस से पहले मसीह समाज ने निकाली रैली

**कोरबा(विश्व परिवार)।** क्रिसमस से पहले मसीह समाज ने रैली निकाली, रैली में भारी संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए। सभी नाचते गाते हुए प्रभु यीशु के जन्म का संदेश दे रहे थे। इस रैली में बड़ी संख्या में समाज के सदस्य सपरिवार सम्मिलित हुए। केसीडब्ल्यूईएस के तत्वाधान में मसीही समाज के अनुयायियों ने शहर में सोमवार को गीत संगीत के साथ रैली निकाली। क्रिसमस के पहले प्रभु यीशु के जन्म का संदेश देने के लिए इस रैली का आयोजन किया गया था, इसमें मसीह समाज के लोग बड़ी तादाद में शामिल हुए। झूमते-नाचते मसीह समाज के लोगों ने प्रभु यीशु के आगमन का संदेश दिया। इस दौरान रैली में पादरी ने शहर के बीचो-बीच अमन चैन की प्रार्थना भी की। रैली में बड़ी तादाद में युवातियों ने हिस्सा लिया। क्रिसमस से पहले निकाली रैलीरू प्रत्येक साल 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाया जाता है। जिले भर के चर्च में इसे लेकर खास तैयारी की गई है। सोमवार को जिस रैली का आयोजन किया गया था, उसे 100 साल पुराने मेनोनाइट चर्च से शुरू किया गया, इसके बाद शहर के पावर हाउस रोड से होते हुए टीपी नगर और सीएसईबी से घंटा घर चैक ओपन थियेटर तक यही रैली निकाली गई। इसमें लोग प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की खुशी मना रहे थे। अध्यक्ष सीमा गोस्वामी ने जानकारी दी प्रभु यीशु मसीह इस संसार में इस लिए आए थे ताकि मानव एक अच्छा जीवन जी सकें। संसार में आकर उन्होंने यह संदेश दिया कि अपने पापों का पश्चाताप करो, क्योंकि परमेश्वर का राज आने वाला है। अध्यक्ष गोस्वामी ने पूरे समाज की ओर से जिले वासियों को क्रिसमस पर्व की बधाई दी है।केसीडब्ल्यूईएस के सचिव राज कुमार दान ने बताया कि क्रिसमस मसीह समाज का एक महत्वपूर्ण पर्व है जिसे हम बड़े ही आनंद के साथ मनाते हैं, और इस खुशी को पूरे नगर में बांटने के लिए इस रैली का हमने आयोजन किया गया है।

### भाजपा नेता केशव करियारे से मारपीट कर लूटपाट

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** जिले के सारागांव थाना क्षेत्र में भाजपा नेता से लूट हो गई। 3 बदमाशों ने पूर्व एल्डरमैन केशव करियारे से मारपीट कर 50 हजार रुपए लूट लिए। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी अनुसार सरगांव नगर पंचायत के पूर्व एल्डरमैन केशव करियारे किसी काम से चांपा के कोटाडाबरी आए थे। काम होने के बाद रात बाइक से अपने घर सारागांव जाने के लिए निकले थे। इस दौरान ग्राम कमरीद और सारागांव के बीच नहर किनारे 3 बाइक सवार लोगों ने उन्हें रोका। फिर पैसों की मांग करते हुए मारपीट करने लगे। बदमाशों ने जेब में रखे 50 हजार रुपए को लूट लिए। मारपीट से पूर्व एल्डरमैन केशव करियारे के सिर पर गंभीर चोट लगी, जिससे वे लहूलुहान हो गए। इसके बाद बदमाश मौके से भाग निकले। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी सावन सारथी ने बताया कि थाने में स्नद्बक्र दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### रेवती रमण कॉलेज में किया गया श्रमदान का आयोजन

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज शासकीय रेवती रमण महाविद्यालय, सूरजपुर परिसर में श्रमदान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के नेतृत्व में जिले में स्वच्छता मिशन को बढ़ावा देने और आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर एसडीएम सूरजपुर, मुख्य नगर पलिका अधिकारी सूरजपुर, जिला सेनानी संजय गुप्ता, सहायक प्राध्यापक चंद्रभूषण मिश्र, एस.आई. राकेश पाण्डेय, नगरसेना, अग्निशमन, एनसीसी, एन.एस.एस. सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** रक्तदान की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने और मानवता की सेवा करने के उद्देश्य से कटघोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। 100 यूनिट रक्तदान इस शिविर में लोगों के द्वारा किया गया। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रंजना तिर्की ने बताया कि मुकुटधर पांडे स्नातक महाविद्यालय से 25, एग्रीकल्चर कॉलेज से 50, जनपद पंचायत से और पुलिस विभाग से 25 लोगों के अलावा अन्य लोगों ने भी शिविर में अपनी भागीदारी की और रक्तदान किया। ऐसे सभी लोगों के द्वारा दिए गए रक्त से अस्पताल में विशेष मामलों में मरीज को रक्त उपलब्ध कराया जाना आसान होगा।


# संपादकीय

## भारतीय अरबपतियों का धन तेज रफ्तार से बढ़ा..


जब मध्य वर्ग के ढहने और उपभोक्ता बाजार के मंद होने की चर्चा चिंता का कारण बनी हुई है, तभी भारतीय अरबपतियों का धन तेज रफ्तार से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2023-24 में उनके पास मौजूद धन में 42 फीसदी इजाफा हुआ। भारत में कम-से-कम एक तबके की चमक जरूर बढ़ रही है। वे भारत के उद्योगपति हैं। जिस समय देश में मध्य वर्ग के ढहने और उपभोक्ता बाजार के मंद होने की चर्चा चिंता का कारण बनी हुई है, तभी अरबपतियों का धन तेज रफ्तार से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में उनके पास मौजूद धन में 42 फीसदी इजाफा हुआ। रकम में देखें, तो यह बढ़ोतरी 905 बिलियन डॉलर की रही। उद्योगपतियों की संख्या के लिहाज से भारत पहले ही दुनिया में तीसरे नंबर पर आ चुका है। चूंकि चीन में विषमता घटाने की नीति पर सख्त अमल के कारण अरबपतियों की संख्या और उनका सकल धन घट रहा है, इसलिए संभव है कि कुछ वर्षों में भारत इस सूची में अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर आ जाए। दस साल के आंकड़ों पर गौर करें, तो भारत में उद्योगपतियों की संख्या दो गुना होकर 185 तक पहुंच चुकी है, जबकि उनका कुल धन लगभग पौने तीन गुना (सही आंकड़ा 263 प्रतिशत है) बढ़ गया है। स्विस बैंक यूबीएस हर वर्ष अरबपतियों के बारे में रिपोर्ट जारी करता है। उसकी ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस समय वैश्विक रुझान अरबपतियों का धन अपेक्षाकृत घटने का है, लेकिन भारतीय अरबपति इस रुझान को मात देने में कामयाब हैं। पिछले वित्त वर्ष में अरबपतियों के धन के लिहाज से टॉप पांच देशों में अमेरिका, जर्मनी और ब्रिटेन में भी अरबपतियों का कुल धन बढ़ा, मगर सबसे ज्यादा वृद्धि भारत में दर्ज हुई। सिर्फ चीन ऐसा देश रहा, जहां इस वर्ग के कुल धन में गिरावट आई। अब इन आंकड़ों पर देश के लोग चाहें, तो फख्र कर सकते हैं! किसी भी क्षेत्र में खास कर धनी देशों से भारत के आगे निकलने की खबर पर आम तौर पर अपने लोग खुश होते नजर आते हैं। मगर पेच यह है कि अरबपतियों और उनसे सीधे तौर पर जुड़े छोटे से तबके की खुशहाली अन्य वर्गों की बदहाली की कीमत पर हासिल हो रही है। इसलिए कि अरबपति उत्पादक अर्थव्यवस्था में निवेश के बजाय पैसा से पैसा बढ़ाने और तफरीह पर धन लुटाने में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं।

# दुनिया में मानवाधिकारों का हनन ज्वलंत प्रश्न

विजय कुमार जैन



भारत के संविधान में संविधान निर्माताओं ने आम नागरिक के अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी उल्लेख किया है। इन्हें संविधान में नीति निदेशक तत्व कहा है। नीति निदेशक तत्वों में विश्व बंदनीय अहिंसा के अवतार भगवान महावीर के पावन संदेश जियो और जीने दो के साथ विश्व शांति प्राणी मात्र के कल्याण की भावना समाहित की गई है। इसी प्रकार मौलिक अधिकारों में आम आदमी के सर्वांगीण विकास की कानूनी व्यवस्था की गई है। भारतीय संविधान में सुप्रसिद्ध कानून विद डॉ भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान निर्माताओं ने आम नागरिक के मानवाधिकारों का हनन न हो इसकी समुचित व्यवस्था की है। दुनिया के अनेक देशों में आम आदमी के मानवाधिकारों की रक्षा हेतु एक नहीं अनेक प्रयास किये हैं। मानवाधिकारों की रक्षा हेतु सर्वप्रथम ब्रिटेन में सन 1215 में महान घोषणा पत्र प्रकाशित हुआ। इस घोषणा पत्र में उल्लेख किया है किसी नागरिक को उस समय तक बंदी न बनाया जाये और न ही निर्वासित किया जाये, जब तक उसका अपराध सिद्ध न हो जाये। ब्रिटेन में ही सन 1679 में बंदी प्रत्यक्षीकरण अधिनियम पारित किया गया। जिसमें व्यवस्था की गई कि बिना अभियोग चलाये किसी भी व्यक्ति को नजरबंद नहीं रखा जा सकता। ब्रिटेन में ही सन 1689 में अधिकार पत्र पारित कराया इसमें अन्य बातों के अलावा यह व्यवस्था थी कि संसद में जनता के प्रतिनिधियों को भाषण की स्वतंत्रता होगी। दुनिया में मानवाधिकारों की रक्षा पर अटलांटिक चार्टर सन 1941 एवं संयुक्त राष्ट्र संघ घोषणा 1942 से बल मिला। संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर में मूलभूत मानवीय अधिकारों में गौरव तथा मूल्यों में, स्त्री व पुरुषों के समान अधिकारों को पुनः स्वीकार किया गया। कुछ आवश्यक संशोधनों के साथ 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त




राष्ट्र संघ की महासभा ने सर्वसम्मति से पारित किया। इस मानवाधिकार घोषणा पत्र में प्रस्तावना सहित 30 अनुच्छेद हैं। इसके बाद 1993 में वियना में मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के लिये सम्मेलन हुआ। जिसमें 171 देशों ने सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिसका अनुमोदन दिसंबर 1993 में संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा में किया। वियना घोषणा में उल्लेख किया बड़े पैमाने बाले मानवाधिकारों के हनन, विशेष कर जनसंहार, जातीय विद्वेष और बलात्कार, आत्मनिर्णय, वर्तमान और भविष्य की पर्यावरण संबंधी जरूरतों,परेशानी में रह रहे लोगों,विशेष रूप से अप्रवासी श्रमिकों, विकलांग व्यक्तियों और शरणार्थियों के साथ महिलाओं और बालिकाओं के मानवाधिकारों पर बल दिया गया।यहाँ यह विचारणीय प्रश्न है यद्यपि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों की हर स्तर पर रक्षा करने का संकल्प लिया गया है। दुनिया का हर देश भी चाहता है उसके नागरिकों के मानवाधिकारों का हनन न हो। परन्तु सरकारें यह जानते हुए कि उनकी रक्षा करना चाहिए, व्यवहारिक रूप देने में असफल हैं। भारत में हम आम नागरिकों की स्थिति को देखें तो आजादी के 75 वर्ष बाद भी दयनीय स्थिति है। ग्रामीण अंचल में आज भी छुआछूत नहीं मिटा है। दलितों को गाँव के कुए से पानी नहीं भरने दिया जाता है। गाँव के जमींदार ठाकुर साहब या मुखिया के मकान के आगे से भी दलितों हरिजनों को जूते चप्पल पहनकर निकलने की अनुमति नहीं है। ग्रामीण अंचल में दलितों को अपने बेटे की बारात दूल्हे को घोड़े पर बैठाकर निकालने की अनुमति नहीं है। कोई हरिजन दलित इन पुराने दकियानूसी नियमों को तोड़ने का दुस्साहस करता भी है तो उस पर अनेक अत्याचार होते हैं। गोली चल जाती है मकान खेत में आग लगा दी जाती है। गाँव से ही निकाल दिया जाता है।हमारे देश भारत में ही करोड़ों बच्चे भीख मांगते देखे जाते हैं। 10 से 15 वर्ष के बच्चे देश में लाखों करोड़ों की संख्या में रेल स्टेशनों के आसपास प्लास्टिक की थैली एवं प्लास्टिक की पानी की खाली बोतल एकत्रित करते दिख जायेंगे। गरीब के बच्चे पढ़ते भी हैं तो उन्हें कक्षा 5 में जोड़ना घटाना नहीं आता है। उन्हें 10 तक पहाड़ा नहीं सिखाया जाता है। इन सब विसंगतियों के वावजूद उन्हें कक्षा 5 तक अनिवार्य रूप से उत्तीर्ण कर दिया जाता है। भारत में बाल मजदूरी पर प्रतिबंध के वावजूद करोड़ों 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे बाल मजदूरी कर रहे हैं, उन्हें पर्याप्त मजदूरी नहीं मिल रही है। रहने, जीवन यापन करने, रोटी कपड़ा मकान की सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।सरकार स्वयं संविदा में कर्मचारियों की नियुक्तियां करती है। इनमें कुछ नियुक्तियाँ तदर्थ करती है। क्या इन्हें समान कार्य के लिये समान वेतन,अवकाश, पेंशन आदि की सुविधा मिलती है? कोरोना महामारी के भारी प्रकोप के कारण देश व्यापी लॉकडाउन24 मार्च 2020 को 21 दिन का लगाया। हजारों उद्योग एवं फेक्ट्री बंद हो जाने से लाखों मजदूर भुखमरी के शिकार हो गये। उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार के मूल निवासी मजदूरों का पलायन हुआ। अपने अपने प्रदेश सुरक्षित पहुचने की आशा से उन मजदूरों ने रेल एवं बस की सुविधा नहीं मिलने पर पैदल यात्रा सैकड़ों एवं हजारों किमी की सड़क मार्ग से की। भूखे प्यासे मजदूरों की सहायता स्वयं सेवी संस्थाओं ने उदारता से की। इन असहाय दुखी मजदूरों की सहायता करने सरकार ने मानवीयता का परिचय नहीं दिया। मानवाधिकारों के हनन का इससे बड़ा उदाहरण मिलना असंभव प्रतीत होता है। भारत में सबसे ज्यादा शोषण बाल मजदूरी के नाम पर नौनिहालों का हो रहा है।बाल मजदूरी के नाम पर एक घटना का उल्लेख कर रहा हूँ, इस घटना से मैं स्वयं वहुत दुखी हुआ हूँ। बाल मजदूरी, बाल शोषण के विरुद्ध जीवन भर संघर्ष करने बाले भारत माता के महान सपूत श्री कैलाश सत्यार्थी जी को सन 2015 में नोवल शांति पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान मिला तो दुनिया में हम भारतवासियों का सिर गर्व से ऊंचा हुआ। नोवल शांति सम्मान मिलने पर श्री सत्यार्थी जी 6 जनवरी 2016 को गुना पधारे। गुना में उनकी भव्य शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में घोड़ा चल रहा था, उस घोड़े की रस्सी हाथ में लेकर 10 वर्ष का बाल मजदूर चल रहा था। श्री सत्यार्थी जी को भी पता नहीं था, जिस बाल मजदूरी, बाल शोषण के विरुद्ध जीवन भर संघर्ष करते रहे हैं, गुना बालों ने उन्हें दिखा दिया कि आप संघर्ष करते रहें बाल मजदूरी दुनिया से समाप्त नहीं हो सकती। सारी दुनिया मानवाधिकारों की रक्षा के लिये कानून बना रही है।इन कानूनों का पालन नहीं हो रहा है। मानवाधिकारों की रक्षा के लिये सरकारों के साथ साथ आम आदमी की दूषित मानसिकता में परिवर्तन आवश्यक है।

नोटः-लेखक वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष है।

# आलेख

## बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के उत्पीडऩ दुर्भाग्यपूर्ण है..........

अनिल जैन

जिस बांग्लादेश के निर्माण में भारत ने अहम भूमिका निभाई थी, अब उसी के साथ भारत के रिश्ते अभूतपूर्व तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। वहां चार महीने पहले निर्वाचित सरकार के तख्तापलट और उसके बाद अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत में शरण ले लेने के बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्ते तो तल्ख हुए ही हैं, साथ ही बांग्लादेश में रह रहे हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हिंसक हमलों की घटनाओं से भी दोनों देशों के रिश्तों में खासी कटुता आ गई है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि बांग्लादेश में ऐसे लोगों की बड़ी तादाद हो गई है जो अपने देश की पहचान 1971 के संदर्भ में नहीं, बल्कि 1947 के संदर्भ में देखने लगे हैं। देश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस तो संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी कह चुके हैं, %बांग्लादेश बना, क्योंकि लोगों का उदारवाद, बहुलवाद एवं धर्मनिरपेक्षता में गहरा यकीन था। अब दशकों बाद नई पीढ़ी उन मूल्यों और उसूलों पर पुनर्विचार कर रही है, जैसा कि 1952 में हुआ था, जब हमारे देशवासियों ने अपनी मातृ भाषा बांग्ला की रक्षा का संकल्प लिया था।' यानी 1952 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने मजहबी आधार पर बने राष्ट्र (पाकिस्तान) को नकार कर भाषा एवं संस्कृति पर आधारित बहु-धर्मीय राष्ट्र को स्वीकार किया था। लेकिन अब लोग 1947 की तरफ देख रहे हैं, जब भारत का मजहबी आधार पर विभाजन हुआ था। अब बात चूंकि मुस्लिम पहचान पर आ गई है, तो स्वाभाविक नतीजा यह है कि वहां धार्मिक अल्पसंख्यकों के समान अधिकार की आकांक्षा पर चोट की जा रही है। इस रूप में पूरब की ओर भी पाकिस्तान की धारणा साकार हो रही है। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त पर उभर कर सामने आया है, जब भारत उसे वैचारिक चुनौती देने के लिहाज से बेहद कमजोर स्थिति में है। चूंकि भारत में भी अब सत्ता प्रेरित मुख्य विमर्श हिन्दू-मुसलमान पर केंद्रित है, लिहाजा बांग्लादेश में हमेशा से मौजूद रही और अब सिर उठा कर सामने आ चुके महजबी कट्टरपंथी ताकतों को भी तर्क और ताकत मिल रही है। वैसे शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से वहां मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने भी पाकिस्तान से रिश्तों में गर्माहट लाने की दिशा में ऐसे कई ठोस कदम उठाए हैं, जो भारत के हित में नहीं माने जा सकते। पिछले महीने ही पाकिस्तान का एक मालवाहक पोत कराची से चल कर बांग्लादेश के दक्षिणपूर्वी तट स्थित चटगांव बंदरगाह पर पहुंचा। 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति युद्ध के बाद से दोनों देशों में पहली बार सीधा समुद्री संपर्क हुआ है। इससे पहले उनके बीच समुद्री व्यापार सिंगापुर या कोलंबो के जरिए होता था। खुद बांग्लादेश ने इस घटना को पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों में महत्त्वपूर्ण कदम की शुरुआत बताया है। कहा है कि इस रूट पर समुद्री संपर्क बनना दोनों देशों के बीच सप्लाई चेन को आसान बनाएगा, परिवहन के समय में कमी आएगी और आपसी व्यवसाय के लिए नये अवसरों के दरवाजे खुलेंगे। जाहिर है कि यह सीधा समुद्री संपर्क पाकिस्तान और बांग्लादेश के राजनयिक रिश्तों में ऐतिहासिक बदलाव का संकेत है। इसके पहले खबर आई थी कि दोनों देश एक परमाणु सहयोग समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसके तहत पाकिस्तान परमाणु बिजली संयंत्र लगाने में बांग्लादेश की मदद करेगा। पूरा घटनाक्रम भारत के लिए चिंता का पहलू है। आम संबंधों के साथ दोनों देशों के उग्रवादी तत्वों के बीच संपर्क बनना भी आसान हो सकता है। लेकिन इस मामले में भारत कुछ कर सकने की स्थिति में नहीं दिखता। दुर्भाग्यपूर्ण है कि बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के उत्पीडऩ को लेकर वहां की अंतरिम सरकार को अंतरराष्ट्रीय कठघरे में खड़ा करने की रणनीति पर राष्ट्रीय आम सहमति बनाने की बजाय भारत में सियासी पार्टियां खासकर सत्तारूढ़ पार्टी राजनीतिक लाभ उठाने के अभियान में जुटी हुई हैं। भाजपा और उसके सहयोगी उग्र हिन्दूवादी संगठनों की ओर से देश में जगह-जगह बांग्लादेश के खिलाफ और वहां रह रहे हिन्दुओं के समर्थन में प्रदर्शन हो रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करके उसे सबक सिखाने की बातें हो रही हैं। कहा जा रहा है कि पूरे बांग्लादेश को निबटाने के लिए भारत के दो राफेल विमान ही काफी हैं।

# किसी दृष्टि से छोटी घटना नहीं सुखबीर बादल पर हमला

अवधेश कुमार

अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर हमला किसी दृष्टि से छोटी घटना नहीं है। संयोग कहिए या सुखबीर बादल की अभी आयु बची है अन्यथा हमलावर ने गोली चला ही दी थी। सुरक्षाकर्मियों ने उसे त्वरित गति से नियंतण्रमें लिया और हाथ ऊपर उठा दिया वरना जितने निकट से गोली चलाई गई थी सीधे सुखवीर बादल की छाती या सिर में घुस जाती। सुखबीर बादल को अन्य अकाली नेताओं के साथ श्रीअकाल तख्त साहिब की तरफ से 11 दिन की सेवा की धार्मिक सजा सुनाई गई है। वे मुख्य प्रवेश द्वार पर बरछा लेकर व्हीलचेयर पर बैठे थे। उनकी सजा का दूसरा दिन था। इस समय सुखबीर बादल का पैर क्षतिग्रस्त है जिस कारण वह कुर्सी पर बैठ कर सेवा कर रहे हैं। हमलावर 9 एमएम का ग्लोक रिवाल्वर लेकर इतने निकट पहुंच गया तो जांच होनी चाहिए कि ऐसा क्यों हुआ? वैसे यह दुर्भाग्य है कि कुछ नेताओं ने यही आरोप लगा दिया कि सुखबीर ने सहानुभूति लेने के लिए हमला कराया। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा है कि हम इस पहलू से भी जांच कर रहे हैं। हमले के तरीके और स्थिति को देखते हुए सामान्य व्यक्ति सोच भी नहीं सकता कि इसके पीछे सुखबीर बादल या स्वयं अकाली दल का ही कोई षड्यंत्र होगा। गिरफ्तार हमलावर का नाम नारायण सिंह चौड़ा है जिसे बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकवादी कहा जा रहा है। वह डेरा बाबा नानक का रहने वाला है। नारायण सिंह चौड़ा पर आतंक और अपराध के अनेक आरोप हैं। जानकारी के अनुसार उस पर पाकिस्तान से भारी संख्या में हथियार लाने सहित करीब 30 मामले दर्ज हैं। वह तीन बार जेल जा चुका है और 3,139 दिनों तक जेल में रहने का उसका रिकॉर्ड है। उसे 28 फरवरी, 2013 को दो अन्य के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके कुराली स्थित ठिकाने से काफी संख्या में हथियार और गोला बारूद बरामद हुए थे। वह बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादियों जगतार सिंह हवारा, परमजीत सिंह भ्योरा, जगतार सिंह तारा और देवी सिंह को 2004 में चंडीगढ़ की बुरैल जेल से भागने में मदद की थी। ध्यान रखिए कि ये सब पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के हत्यारे हैं, जो जेल में सुरंग खोदकर फरार हो गए थे। हालांकि इस मामले में वह बरी किया जा चुका है। उस पर 8 मई ,2010 को परमजीत सिंह पंचवाड़ के ड्राइवर रहे रतनदीप सिंह के साथ अमृतसर में सर्किट हाउस के पास एक कार में आरडीएक्स रख कर धमाका करने की साजिश का भी आरोप लगा था। तरण तारण, गुरदासपुर सहित अन्य जिलों में भी उस पर गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम यानी यूएपीए सहित गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। अंतिम बार वह 2022 में जमानत पर बाहर आया। चार दशक पहले उसके पाकिस्तान जाकर प्रशिक्षण लेने की भी बात सामने आई है। वहां उसने खालिस्तान नेशनल आर्मी का गठन किया था। वास्तव में आतंकवाद के शुरु आती चरण के दौरान पंजाब में हथियारों और विस्फोटकों की बड़ी खेप की तस्करी में वह शामिल रहा। पाकिस्तान में रहते हुए उसने गुरिल्ला युद्ध और देशद्रोही साहित्य पर किताब भी लिखी। सुखबीर बादल पर हमले के बाद केंद्रीय रेल राज्य मंत्री नवनीत सिंह बिट्टू का बयान है कि नारायण चौड़ा ने 2009 में उन पर भी हमला किया था। उनके अनुसार वह गाड़ी में आरडीएक्स लेकर घूमता था। बिट्टू लगातार यह विषय उठा रहे हैं कि ऐसे आतंकवादियों को जेल से रिहा करना खतरनाक है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मामले में एसआईटी गठित कर दी है, जिसमें अमृतसर पुलिस कमिश्नर के साथ 5 वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। आप सोचिए, इस तरह का खतरनाक व्यक्ति पंजाब में सरेआम घूम रहा है तो इसे किस रूप में देखा जाए? वह धर्म पर व्याख्यान देता है, पुस्तक के अलावा लेख, कविताएं लिखता है। उसमें क्या बातें होती होंगी इसकी आसानी से कल्पना की जा सकती है। अगर वह पूरे बादल परिवार को पंथ का गद्दार मानता है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं। वह सरेआम बोलता रहा है कि उपमुख्यमंत्री के रूप में सुखबीर बादल, उनके पिता मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल पंथ के विरु द्ध काम करते रहे हैं। ऐसी आतंकी सोच रखने वालों के लिए हर वह व्यक्ति पंथ का गद्दार होगा जो उसकी खालिस्तान संघर्ष की योजना का साथ न दे। उसने टीवी चैनल पर भी बादल परिवार को धमकी दी थी। सूचना यह है कि केंद्र सरकार भी इस संबंध में पुलिस को सचेत कर चुकी थी। उसकी मानसिकता देखिए कि पुलिस ने जब उसे पकड़ा तो हंस रहा था। वास्तव में चौड़ा अकेले नहीं है जो इस समय पंजाब में सरेआम घूमते हुए हिंसक वातावरण निर्माण कर रहा है। हमने पंजाब के शहरों में खालिस्तान समर्थकों को सरेआम झंडा लेकर सड़कों पर प्रदर्शन करते देखा है। अमृतपाल सिंह का मामला सामने है। उसे किस तरह तैयार करके भारत भेजा गया यह भी सामने आ चुका है। वह सारेआम पूरे पंजाब में भारत विरोधी और आग लगने वाला बयान देता था, सभाएं करता था, उसका जगह-जगह स्वागत होता रहा और उसने देखते-देखते पूरे पंजाब में अपना एक बड़ा समूह खड़ा कर लिया। वह नशा छुड़ाने के नाम पर युवाओं को पकड़ता, उनको पीटता और उसके साथ उन्हें सिख कौम के नाम पर उसकी खालिस्तान दृष्टि से काम करने के लिए भी तैयार करता था। जरनैल सिंह भिंडरावाले के गांव के गुरु द्वारे में जाकर भाषण दिया और उसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। पिछले कुछ वर्षो में बेअदबी की घटनाओं के आरोप लगा कर गुरुद्वारों तक में हिंसा और हत्याएं हुई। पुलिस ने पूरे प्रदेश से हिंसा की आग में झोंकने वाले हथियारों के भंडार बरामद किए हैं, आतंकवादी गिरफ्तार हुए हैं। विदेश में दृष्टि दौड़ाएं तो अलगाववादी हिंसक तत्वों की गतिविधियां बता रही हैं कि नये सिरे से पंजाब में उथल-पुथल पैदा करने के षड्यंत्र जारी हैं। कनाडा सरकार ने तो वहां मारे गए आतंकवादी के पक्ष में भारत को कठघरे में खड़ा किया। हालांकि ऐसे लोग मुट्ठी भर से ज्यादा नहीं हैं, इसलिए ये सफल होंगे ऐसा नहीं माना जा सकता।

# साइबर क्राइम से निजी जानकारी-सुरक्षा को खतरा

प्रो. मनोज डोगरा

इनसे बचाव के लिए कदम उठाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। साइबर अपराधों से जुड़ी कुल लागत और जोखिम लगातार बढ़ रहे हैं। इसलिए रोकथाम प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों को लगातार लागू करने, निगरानी करने और अपग्रेड करने की आवश्यकता भी बढ़ रही है। विदेशी विरोधियों, आतंकवादियों और रोजमर्रा के घोटालेबाजों के बीच, साइबर हमले ज्यादा चालाक और ज्यादा परिष्कृत होते जा रहे हैंञ्ज वर्तमान युग तकनीकी व साइबर विकास का है, प्रौद्योगिक क्रांति का है। अनेक कार्य तकनीक की सहायता से सुगम हो चुके हैं। सभी कार्य आसानी से घर बैठे सम्पन्न हो जाया करते हैं। बाजार की पहुंच भी घर तक सुनिश्चित हो चुकी है, लेकिन इसी क्रम में अपराधियों की पहुंच भी सीधे घर तक हो गई है। पलक झपकते ही अपराधी अपने मंसूबों को अंजाम दे डालते हैं। भारत जहां विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, मगर दूसरी तरफ अपराधी भी अपना तकनीकी विकास कर धड़ल्ले से लोगों की मेहनत की कमाई उड़ा रहे हैं। तकनीक में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध ने लोगों की निजी जानकारी और सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। साइबर अपराध के कई प्रकार हैं, चाहे वो जानकारी चोरी करना हो, हैकिंग हो, फिशिंग हो, वायरस फैलाना हो, सॉफ्टवेयर पाइरेसी, फर्जी बैंक कॉल, सोशल नेटवर्किंग साइटों पर अफवाह फैलाना व साइबर बुलिंग इत्यादि हो। इस प्रकार के अपराधों में निरंतर वृद्धि चिंताजनक है। जिस देश का प्रधानमंत्री स्वयं मन की बात जैसे देशव्यापी कार्यक्रम के माध्यम से चिंता व्यक्त कर इससे बचने हेतु आगाह कर रहा हो, सोचिए वो कितनी बड़ी समस्या बनती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी का देशवासियों से आग्रह है कि जब भी कोई कॉल आए तो घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि रुको, सोचो, फिर एक्शन लो। इस क्रम को अपनाने की आवश्यकता है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में साइबर क्राइम के 65893 मामले देश भर में दर्ज किए गए हैं। साल 2021 में 52974 मामले दर्ज किए गए थे। इस तरह एक साल के दौरान साइबर अपराध में 24.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इनमें भी करीब 65 फीसदी मामले धोखाधड़ी के ही हैं। यानी 65893 मामलों में 42710 धोखाधड़ी के मामले हैं, जबकि 3648 मामले जबरन उगाही के हैं। 2023 व 2024 में भी स्थिति कोई संतोषजनक नहीं, बल्कि ये छलांग मार कर तेज गति से बढ़ रहे हैं। भारत में उभरती साइबर सुरक्षा चुनौतियों के लिए निरंतर नवाचार और तत्परता की



आवश्यकता है। साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता रखने वाली संस्थाओं और स्टार्टअप्स के साथ साझेदारी करने से नए विचार और विशेष विशेषज्ञता सामने आ सकती है। यह समग्र दृष्टिकोण न केवल व्यवसायों और व्यक्तियों की सुरक्षा करेगा, बल्कि भारत के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा। भारत भर में एक परेशान करने वाली घटना सामने आई है, जिसमें साइबर धोखाधड़ी ग्रामीण इलाकों में सीमित डिजिटल जानकारी रखने वाले लोगों से लेकर शहरी इलाकों में तकनीकी रूप से दक्ष लोगों तक को अंधाधुंध तरीके से निशाना बना रही है। भारत आज भले ही डिजिटल विकास के छोर पर आकर बैठा है, लेकिन कंपनियों को सुनिश्चित करना है कि वे डिजिटल विकास से आने वाले अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार हैं भी या नहीं। ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी व बोर्ड के एजेंडे में साइबर सुरक्षा सर्वोपरि हो ताकि डिजिटल संग्रह की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। भले मानने योग्य है कि जागरूकता की कमी है, लेकिन हैकर सब कुछ इस तरीके से करते हैं कि आपकी जागरूकता धरी की धरी रह जाती है। इसमें सुरक्षा उपायों की कमी महसूस होती है। सरकार व प्रशासन अपने स्तर पर हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इसका सबसे महत्वपूर्ण व आवश्यक इलाज जागरूकता ही प्रतीत होती है। साइबर अपराध एक सामान्य शब्द है जो कंप्यूटर, नेटवर्क या डिजिटल उपकरणों के किसी अन्य सेट का उपयोग करके की जाने वाली असंख्य आपराधिक गतिविधियों का वर्णन करता है। साइबर अपराध को साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली अवैध गतिविधियों की विशाल श्रृंखला के अंतर्गत माना जाता है। इनमें हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर और मैलवेयर हमले, कई अन्य शामिल हैं। साइबर अपराध की पहुंच कोई भौतिक सीमा नहीं जानती। अपराधी, पीड़ित और तकनीकी अवसंरचना दुनिया भर में फैली हुई है। व्यक्तिगत और उद्यम स्तर पर सुरक्षा कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ, साइबर अपराध कई रूप लेता है और लगातार विकसित होता रहता है। बदले में, साइबर अपराधों की प्रभावी जांच, मुकदमा चलाने और उन्हें रोकने की क्षमता कई गतिशील चुनौतियों के साथ एक सतत लड़ाई है। साइबर अपराध व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा हैं और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान, प्रतिष्ठा को नुकसान और रिकॉर्ड से समझौता हो सकता है। जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ती है और अधिक से अधिक लोग मानक संचालन के लिए डिजिटल उपकरणों और नेटवर्क पर निर्भर होते हैं, साइबर अपराध का खतरा बढ़ता जा रहा है। इनसे बचाव के लिए कदम उठाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री खंडेलवाल दिगंबर जैन समाज जशपुर के नवीन पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न



अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार काला
मंत्री श्री दिलीप (डिंपल) कुमार बड़जात्या
उपाध्यक्ष श्री समर्थ जैन काला
सह मंत्री श्री संजय कुमार गंगवाल



कोषाध्यक्ष श्री सी.ए विवेक कुमार जैन पाटनी

**जशपुर ( विश्व परिवार )।** श्री खंडेलवाल दिगंबर जैन समाज जशपुर का मनोनयन सर्व सम्मति से सद्भावना पूर्ण वातावरण में परस्पर समन्वय के साथ सम्पन्न हुआ। मनोनयन में अध्यक्ष- श्री प्रवीण जैन (मीनू) काला, उपाध्यक्ष- श्री बिट्टू काला, मंत्री- श्री दिलीप (डिम्पल) बडजात्या, सहमंत्री- श्री संजय गंगवाल (एफएच), कोषाध्यक्ष-श्री विवेक सोनू पाटनी (CA) का चयनित किए गए।

नए चयनित पदाधिकारी को गुलाब चंद जी पाटोदी, भागचंद अजमेरा, प्रकाश चंद गंगवाल, प्रभु दयाल काला, महावीर प्रसाद गंगवाल, श्रीपाल पाटनी, महेंद्र बड़जात्या, वीरेन्द्र बड़जात्या, प्रदीप कुमार काला, रतन लाल गंगवाल, सुरेश कुमार काला, कमल पाटोदी, संजय पाटोदी, मुकेश गंगवाल, झूमरमल काला, जय कुमार गंगवाल ने समाज हित में उत्कृष्टतम कार्य करने हेतु शुभकामनाएं दी।

श्री पद्मप्रभ दिगंबर जैन मंदिर लाभांडी, रायपुर के संरक्षक श्री विनोद जैन बडजात्या ने नए पदाधिकारी को हार्दिक बधाई दी है।

### जशपुर कविता उत्सव का आयोजन आज, मुख्य अतिथि एस.पी. शशि मोहन सिंह समेत नामी कवि, सहित्यकार होंगे शामिल

**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** जशपुर के साहित्य प्रेमियों के लिए छत्तीसगढ़िया क्लाउड अ सोशियो कल्चरल आर्गेनाइजेशन एवं महिला काव्य मंच जशपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज संध्या 5 बजें से 7 बजे तक रामभजन राय शा. एन ई एस पी जी कालेज जशपुर के सेमिनार हॉल में जशपुर कविता उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जशपुर कविता उत्सव के मुख्य अतिथि एस.पी. शशि मोहन सिंह, जशपुर और अध्यक्ष डॉ. जुल्फिकार सिद्दीकी होंगे। कवि सम्मेलन में आमंत्रित साहित्यकार, कवयित्री अनामिका अनु, विरेन्द्र श्रीवास्तव, गौरव अग्रवाल मनेंद्रगढ़ से पधार रहे हैं। कुसुम माधुरी टोप्पो, सरिता नायक का आगमन कुनकुरी से हो रहा है। गीतकार -मिलन मलरिहा, अनिता गुप्ता, ममता सिन्हा, मधु बाजपेई, सरस्वती चौहान, डॉ. मयंक श्रीवास्तव काव्यपाठ करेंगे। अंबिकापुर से कवि यतींद्र गुप्ता का आगमन हो रहा है। जशपुर कविता उत्सव देश के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सतीश जायसवाल के मार्गदर्शन में हो रहा है, जशपुर का सजल समूह कार्यक्रम में सहायता प्रदान कर रहा है। इस आयोजन के माध्यम से आमंत्रित कवि, साहित्यकारों एवं स्थानीय लेखकों के बीच रचनात्मकता का आदान-प्रदान होगा साथ ही कविता, साहित्य के क्षेत्र में आने वाले नए लेखकों सानिध्य प्राप्त होगा।

### गुरुघासीदास जयंती में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर

**दुर्ग-रायपुर ( आरएनएस )।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीसेगांव ,कोलिहापुरी में आयोजित मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले सतनाम पंथ के संस्थापक छत्तीसगढ़ की संत परंपरा के अग्रणी बाबा गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर जैतखाम गुरुगद्दी व बाबा गुरु धासीदास जी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश वासियों को गुरु घासीदास जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर आज हम बाबा गुरुघासीदास की जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने अपने जीवनकाल में समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वह एक महान संत, समाज सुधारक, और शिक्षाविद् थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में गरीबों, दलितों, और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम किया था। बाबा गुरू घासीदास जी ने सम्पूर्ण मानव जाति को 'मनखे-मनखे एक समान' का प्रेरक संदेश देकर समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण की आधारशिला रखी।

## आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज का 53वां अवतरण दिवस पद्मप्रभु जैन मंदिर में मनाया गया : नितेश पाटणी



**इचलकरंजी ( विश्व परिवार )।** जयदु जिणिंदो महावीरों। चर्या शिरोमणी, अध्यात्म सरोवर के राजहंस आचार्य भगवन विशूद्ध सागर महाराज जी का 53 वां अवतरण दिवस पद्मप्रभू दिगंबर जैन मंदिर इचलकरंजी में मनाया। सुबह अभिषेक पूजन, शांतिधारा, विधान का आयोजन किया। दोपहर को धर्मसभा का आयोजन किया गया। अष्टद्रव्य का थाल सजाकर पूजन, मुनीराजों का पाद प्रक्षालन और शास्त्र भेट किया।

विचित्र बाते प्रणेता सर्वार्थसागर जी महाराज जी को सौ स्वरूपा पाटील (यड्रावकर), सौ अर्चना बागणे, श्री अभिषेक अशोक पाटील, श्री वर्धमान पाटील, स्मिता केरीमने और ऐश्वर्या बागणे (मालगाव) ने भेट किया। पाठशाला के बच्चो ने नाटिका और नृत्य प्रस्तुत किया। स्मिता केरीमाने मालगाव और श्री अभिषेक पाटील, कोल्हापूर ने आचार्य विशूद्ध सागर महाराज जी के अवतरण दिवस पर विनयांजली प्रस्तुत की।

श्री अभिषेक अशोक पाटील ने अपने विनयांजली में कहा कि - हमने भगवान महावीर स्वामी को तो नहीं देखा हैं लेकिन, आचार्य भगवन विशूद्ध सागर महाराज जी के रुप में लघु महावीर स्वामी जी को हमने देखा हैं। उनके प्रत्येक शिष्य तेजस्वी हैं। प्रत्येक शिष्य कि विशेषता हैं। यहाँ उपस्थित विशूद्ध सागर महाराज जी के शिष्य अनुत्तर सागर महाराज जी उपवास कि कठोर साधना करते हुए विश्व रेकॉर्ड किया हैं। प्रणेय सागर महाराज जी मंत्र आराधक हैं, इन्होने 85 लाख जाप्य किये हैं। प्रणव सागर महाराज जी ने जिवंधर कुमार कि तरह कुत्ते को नमोकार मंत्र सुनाकर उपदेश दिया हैं। सर्वार्थ सागर महाराज जी को हर कोई विचित्र बाते प्रणेता के नाम से जानते हैं, सोशल मीडिया पर इनके लाखो फॉलोअर हैं। संकल्प सागर महाराज जी ने सिंहनिष्क्रिडीत व्रत जैसी कठोर साधना कि हैं। सदभाव सागर महाराज जी को लेखन में रुची हैं, उन्होने रूर का शूर ग्रंथ लिखा हैं। ऐसे सभी मुनीराजों के चरणो में नमोस्तु।

आचार्य श्री विरागसागर महाराज जी के सुशिष्य, आध्यात्म योगी, चर्या शिरोमणी, वितरागी श्रमण - संस्कृति के आध्यात्मिक सद्गुरू दिगंबराचार्य का नाम है- आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज। भारत कि पावन वसुंधरा पर अनेकों ऋषी मुनीयों ने अपनी पावन चरण धुलि से इस वसुमती को परम पवित्र किया है और समाज को एक नई दिशा प्रदान कि है। इसी शृंखला में इक्कीसवीं सदी के एक दूर - दृष्टा, युवाओं के प्रेरणा पुंज, आगमनुसार आचरण करके जन - जन को सद् - बोध देने वाले आध्यात्मिक गुरू आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज द्वारा वर्तमान में कि गई धर्मप्रभावना समाज के समक्ष उपस्थित है।

आचार्य विरागसागर महाराज जी के चमकते सितारे आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी का मुख्य नारा नमोस्तु शासन जयवंत हो है।

चर्या शिरोमणी आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर जी महाराज का जन्म मध्य प्रदेश के भिंड में 18 दिसम्बर 1971 को हुआ था। नमोस्तु शासन को गौरवान्वित करने वाले परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज श्रमण साधना के शुभ्र आकाश में अध्यात्म के ध्रुव तारे हैं।

देश के विभिन्न बडे शहरों-गांवो में सामूहिक प्रवचनसभाओं में आचार्य भगवन श्री विशुद्ध सागर जी महामुनिराज, जैनों के जनसमूह के लगभग 3, 00, 000 श्रावक-श्राविकाओं को मद्य, मांस, मधु सेवन का त्याग, जुआ खेलना, शिकार करना, हिंसक पशु पालन, वेश्या गमन, पर स्त्री गमन, रात्री भोजन जैसे अधम कार्यो का त्याग करवाकर उन्हें जिनेंद्र दर्शन करने, पानी छानकर पीने का नियम देकर जिनमार्ग में लगा चुके हैं। आचार्य श्री विशूद्धसागर महाराज जी ने 150 से अधिक पंचकल्याणक करके सर्वाधिक पंचकल्याणक हेतू वर्ल्ड रेकॉर्ड किया हैं। गुरुणांगुरु आचार्य श्री विमलसागर जी महाराज ने आपको आशीर्वाद दिया था कि बेटा तुम्हारी सर्वत्र जय जयकार होगी। तुम जैन जगत में सूर्य कि तरह चमकोगे। वही आशीर्वाद फलीभूत होता दिखाई दे रहा है। आप जहाँ - जहाँ भी जाते हो आपसे पहले आपकी कीर्ति पहूँच जाती है। जिस तरह आचार्य भद्रबाहू स्वामी अपने शिश्यों के साथ उत्तर से दक्षिण आये थे उसी तरह आचार्य भगवन विशूद्धसागर महाराज जी। राज्यों कि सीमा को पार करके दक्षिण भारत में विशूद्ध ज्ञानगंगा प्रवाहित करने आये हैं।

चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य श्रमण मुनी श्री अनुत्तर सागर जी महाराज, श्रमण मुनी श्री प्रणेय सागर जी, श्रमण मुनी श्री प्रणव सागर जी, श्रमण मुनी श्री सर्वार्थ सागर जी, श्रमण मुनी श्री संकल्प सागर जी और श्रमण मुनी श्री सदभाव सागर जी महाराज जी इन सभी मुनीराजो ने प्रवचन में आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी गुनगान करके अवतरण दिवस पर अपने भाव प्रकट किये। श्याम को संगीत आरती संपन्न हुई। पद्मप्रभु मंदिर के ट्रस्टी, इचलकरंजी शहर के युवा मंडल, महिला मंडल आदि ने मिलकर के कार्यक्रम का आयोजन किया था। नितेश पाटणी, वरुण जैन और उनके सभी सहकारी ने कार्यक्रम सफल करने में परिश्रम किया। आचार्य भगवन विशूद्ध सागर महाराज जी के अवतरण दिवस पर उनके चरणो में कोटि कोटि नमोस्तु।

हो जाती हैं धरा पावन, जहाँ विचरण आप करते हैं। धरती भी हो जाती हैं शीतल, जहाँ चरण विशूद्ध गुरू के पडते हैं।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ जन्मकल्याणक पर हो सार्वजनिक अवकाश

**राजस्थान जैन सभा और धर्म जागृति संस्थान ने की मांग**




**जयपुर ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला जयपुर व राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन व महामंत्री मनीष वैद ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक दिवस पर अलग अलग पत्र लिखकर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक चैत्र कृष्ण नवमी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की गई।

उन्होंने पत्र में लिखा कि जैन धर्म में चौबीस तीर्थंकर हुए हैं। जिनमे प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव अर्थात आदिनाथ भगवान हैं।भगवान ऋषभदेव जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर जिन्हें आदिनाथ भी कहा जाता है। भगवान ऋषभदेव वर्तमान हुंडा अवसर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर हैं। जैन धर्म अनादि काल से चला रहा है किंतु प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान को जैन धर्म के प्रवर्तक के रूप में माना जाता है।

धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि धर्म जागृति संस्थान द्वारा यह मांग पूर्व में भी कई बार की गई है। उसी क्रम में यह पत्र लिखा गया है। पत्र में उल्लेख किया गया की भगवान आदि नाथ के सबसे बड़े पुत्र भरत प्रथम चक्रवर्ती सम्राट हुए जिनके नाम पर ही इस देश का नाम भारत वर्ष पड़ा। भगवान आदिनाथ ने ही मनुष्य को जीने की कलाए असि, मसि, कृषि, वाणिज्य, शिल्प और कला का उपदेश दिया एवं जीना सिखाया है। जैन पुराण साहित्य में अहिंसा, अस्तेय, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, भगवान आदिनाथ की ही देशनाएँ है। आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक (जन्म जयंती) पर राजस्थान सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कर जैन समाज की भावनाओं को राहत प्रदान करे। उन्होंने कहा कि उक्त मांग बड़े लंबे समय से की जा रही है पुन: आपसे निवेदन है कि जैन धर्म को सही पहचान वह भावनाओं के अनुरूप भगवान आदिनाथ जन्मकल्याणक पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा राजस्थान सरकार द्वारा कर एक नया अध्याय लिखा जाए। वर्तमान में भारत में जैन धर्मावलम्बी अल्पसंख्यक श्रेणी में आते है और उनके हितों की रक्षा एवं उनकी भावनाओं का सम्मान करना आपका दायित्व बनता है। पत्र की प्रति गौतम दक राज्यमंत्री राजस्थान सरकार को भी अनुशंषा हेतु प्रेषित की गई है।

## श्रद्धा भक्ति से मनाया गया आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज का अवतरण दिवस

**मंगलवार जैन मंदिर में आचार्य श्री के चित्र की आरती शांतिनाथ जैन मंदिर में हुई संगोष्ठी**



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** आचार्य विशुद सागर महाराज के अवतरण दिवस शहर के मंदिरों में श्रद्धा भक्ति से मनाया गया आचार्य श्री के गुणों की वदना के साथ कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया श्री चंद्र प्रभू दिगंबर जैन मंदिर मंगलवारा में समस्त जैन समाज द्वारा आचार्य श्री के चित्र की महाआरती की गई चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किए। इसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष -आदित्य जैन मनयां ,पंकज टेलर, सुनील सिंघई ,जिनेद्र जैन एस पी महेंद्र जैन हुंडी , अनंतराज जैन अनेकांत जैन पवन चौधरी श्रीमती संविता मनया आशा सिंघई श्रीमति सोनम सिंघई का सहित मनीषा जैन मन्नू अन्य महिला पुरूष बच्चे आदि उपस्थित थे।

श्री शांतिनाथ जिनालय में संगोष्ठी हुई जिसमें वक्ताओं ने आचार्य श्री के कृतित्व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इसमें प्रमुख रूप से पंडित अंशुल निर्मल टी आई अजय ज्योतिष पंकज इंजीनियर सुनील पब्लिशर सौरभ इंजीनियर जीतू सिलवानी विनोद जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे आचार्य विशुद्ध सागर जी का का परिचय अंशुल जैन ने बताया आचार्य विशुद्ध सागर जी का जन्म भिंड ज़िले में ग्राम में श्री राम नारायण जी एवं श्रीमती रत्ती देवी जी के घर 18 दिसंबर 1971 को हुआ था। आपने मात्र सत्रह वर्ष की आयु में ब्रह्मचर्य व्रत धारण कर अपना घर त्याग दिया था 17 नवम्बर 1991 को पूज्य आचार्य विरागसागरजीमहाराज से ही मुनि दीक्षा को प्राप्त किया था और 31 मार्च 2007 में आचार्य विराग सागर जी महाराज ने आपको औरंगाबाद में अचार्य पद से सुशोभित किया था और वर्तमान में आचार्य विरागसागर जी महाराज ने समाधि से पूर्व भी अपना पट्टाधीश घोषित कर उन्हें संपूर्ण संघ की ज़िम्मेदारी सौंपी है। आपने अपने जीवन काल में अभी 147 पंच कल्याणक सानंद संपन्न करवाए एवं 66 मुनि दीक्षा भी आपने अपने कर कमलों से दी है आप जैन धर्म के शास्त्रों के प्रकांड विद्वान भी है आपने अपनी लेखनी से लगभग 200से अधिक शास्त्रों की की रचना की है। **-अंशुल जैन**

## उन्नत कृषि तकनीक को अपनाकर चौतू नेताम बना सफल कृषक, उत्पादन में बढ़ोत्तरी के साथ आय भी बढ़ी

**रायपुर ( आरएनएस )।** राज्य के अन्नदाताओं के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा भी दृढ़संकल्पित होकर किसानों के कल्याण और उनके उत्तरोत्तर प्रगति के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। कोण्डागांव जिले के किसान भी विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर आज समृद्ध एवं खुशहाल किसान के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं।

जिले के विकासखण्ड कोण्डागांव में स्थित ग्राम चिपावण्ड के 67 वर्षीय प्रगतिशील किसान श्री चौतू नेताम ने अपनी मेहनत और नवीनतम कृषि तकनीकों के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में सफलता की एक नई मिसाल पेश की है। उनके 03 एकड़ 54 डिसमिल की कृषि भूमि पर उन्नत खेती से उन्होंने न केवल अपनी आय में वृद्धि की है, बल्कि दूसरे किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गए हैं। पहले चौतू नेताम पारंपरिक तरीके से रागी की खेती करते थे और पुराने ढंग से बीज बोते थे। खरीफ मौसम में पारम्परिक खेती में छिड़काव विधि से बीज बोने से उत्पादन में ज्यादा लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसके बाद कृषि विभाग ने उन्हें आत्मा योजना के तहत नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया, तो उन्होंने रागी की खेती में बदलाव करने का निर्णय लिया। रबी मौसम में चौतू नेताम ने रागी की फसल की कतार बोनी की विधि को अपनाया, जिससे न केवल उनकी फसल का उत्पादन बढ़ा, बल्कि उनकी आय में भी वृद्धि हुई।

चौतू राम ने बताया कि कतार बोनी विधि से बीज का वितरण और सिंचाई ज्यादा व्यवस्थित और नियंत्रित हुआ है, जिसके कारण रागी की फसल का उत्पादन दोगुना हो गया। पहले जहां रागी की खेती 0.405 हेक्टेयर रकबा में उत्पादन केवल 4 क्विंटल होता था और केवल 12 हजार रूपये की आय प्राप्त होती थी। लेकिन अब कृषि में कतार बोनी विधि से बीजोत्पादन कार्यक्रम के माध्यम से नई तकनीक को अपनाने के बाद उत्पादन 9 क्विंटल हो गया, जिससे 45 हजार रुपये प्राप्त हुआ। इस प्रकार उत्पादन में वृद्धि के साथ उनके आय में भी वृद्धि हुई। शासन की योजना से चौतू नेताम के लिए यह बदलाव केवल कृषि के तकनीक में बदलाव नहीं था, बल्कि उनके जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आया। कृषि विभाग से प्राप्त तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण उनके लिए काफी लाभदायक साबित हुआ। कतार बोनी विधि से बीजोत्पादन के कार्यक्रम ने उन्हें न केवल अधिक उत्पादन दिया, बल्कि शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय वृद्धि की और खेती के क्षेत्र में तरक्की के राह पर अग्रसर हुए हैं। श्री चौतू राम ने जिले के अन्य किसानों को भी योजना का लाभ लेने प्रशिक्षण प्राप्त कर कृषि में उन्नत तकनीक अपनाने की अपील की। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में राज्य के किसानों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि उनकी मेहनत और उत्पादन का उचित दाम भी मिल रहा है।

## ऋषभदेव परिसर में स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर में मंगल पाठ के साथ शिविर का आगाज

**डॉ. सतीश मुनि, डॉ. विजय श्री जी, डॉ. सुमंगल प्रभा जी का सानिध्य मिला**



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** ऋषभदेव परिसर दुर्ग में आज अखिल भारतीय स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर का शंखनाद हुआ जिसमें उप प्रवर्तक डा सतीश मुनि जी के मंगल पाठ के साथ इस आध्यात्मिक आयोजन की शुरुआत हुई साध्वी डा विजय श्री जी, साध्वी डा प्रिय दर्शना जी साध्वी डा सु मंगल प्रभा जी के सानिध्य में गरिमामय वातावरण में इस आयोजन की शुरुआत हुई। साध्वी विजय श्री जी, साध्वी प्रिय दर्शना जी, सु मंगल प्रभा जी, साध्वी तरूलता जी साध्वी विक्षक्षणा श्री जी ने देश भर से आए स्वाध्याय साथियों को प्रशिक्षण दिया।

गुरु आनंद स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर में आज दिनेश जी मुंडोत, मनोज जी पटेरिया, सरोज जी कोठारी दिलीप जी वया प्रतिभा जी गांधी बसंती जी संचेती ने स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर में लोगों को ज्ञान अर्जिन कराया। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक श्रमण संघ दुर्ग के बैनर तले इस आयोजन में वर्धमान सेवा मंच श्रमण संघ स्वध्याय मंडल श्रमण संघ महिला मंडल का अदभुत सहयोग प्राप्त हो रहा है। गुरु आनंद स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर के संयोजक नीलम बाफना टीकम छाजेड़ तथा निर्मल जी छाजेड़ के मार्गदर्शन में स्वध्याय शिविर का संयोजन किया जा रहा है।

स्वाध्याय की महिमा प्रत्यक्ष अनुभव दुर्ग श्री संघ के सदस्यों ने अनुभव किया। प्रतिदिन प्रात: 5:30 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक अनवरत चलने वाले विद्या अभ्यास में 300 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया देश के विभिन्न प्रदेशों से आए स्वाध्यायी साथियों ने ज्ञानार्जन प्राप्त किया लोकाकाश की रचना, संकट के समकित के 67 बोल, नंदी सूत्र, उत्तराध्ययन का 28 वा अध्ययन इत्यादि विषयों पर अलग-अलग प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

इस शिविर में प्रशिक्षक के रूप में प्रथम बार इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लिए स्वाध्याय साथियों को अंतगड सूत्र, कर्म प्रकृति, प्रतिक्रमण, आदि विषयों के विशेष गहराइयों के साथ अध्ययन प्रारंभ कराया गया 5 दिन तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में लोगों को उत्साह चरम पर है। शिविर के सफल संचालन में निर्मल जी बाफना, सतीश सुराणा, अशोक रतन बोहरा रोहित सुराणा गोतम चोरड़िया पदम् छाजेड़ रचिता श्री श्रीमाल, कविता रतन बोहरा सहित श्रमण संघ के सदस्यों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ आयोजन में पधारे अतिथियों के भोजन प्रसादी की शानदार व्यवस्था श्रमण संध दुर्ग दारा की गई है। **-नवीन संचेती**

## दिल्ली से गिरनार जी तक राष्ट्रीय स्तर पर श्री नेमि गिरनार धर्म पदयात्रा- विश्व जैन संगठन

**22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान के 2 जुलाई 2025 को मोक्ष कल्याणक पर दिल्ली और अन्य राज्यों से पद यात्री पहुंचेंगे श्री गिरनार**

### प्रथम जैन तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान के जन्म कल्याणक पर 23 मार्च 2025 को होगा दिल्ली से भव्य शुभारंभ



**दिल्ली ( विश्व परिवार )।** विश्व जैन संगठन और सहयोगी संस्थाओं की एक विशेष सभा का आयोजन मंगलवार, 17 दिसंबर 2024 की रात्रि को संगठन के विश्वास नगर, दिल्ली मुख्य कार्यालय पर किया गया जिसमें दिल्ली से लगभग 1500 किमी की राष्ट्रीय स्तर की प्रथम विशाल धर्म पद यात्रा की सफलता हेतु संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि जैन समाज के लिए 20 जैन तीर्थंकरों की मोक्षभूमि श्री सम्मेद शिखर के समान ही 22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ मोक्षभूमि श्री गिरनार है और 2 जुलाई 2025 को नेमिनाथ भगवान के मोक्षकल्याणक अवसर पर पूज्य जैन संतों के आशीर्वाद से पहली बार दिल्ली से गिरनार जी तक राष्ट्रीय स्तर पर धर्म पद यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें दिल्ली के साथ अन्य राज्यों के श्रद्धालु भी शामिल होंगें। संजय जैन ने बताया कि धर्म पद यात्रा का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के जैन समाज को जोड़ते हुए यदुवंशी श्री कृष्ण के चचेरे भाई 22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ मोक्षस्थल गिरनार जी के दर्शन करना और अहिंसा, पर्यावरण संरक्षण व आपसी भाईचारे का संदेश प्रसारित करना है। प्रमुख वैदिक ग्रंथ श्री ऋग्वेद में जैन तीर्थंकर नेमिनाथ का उल्लेख अरिष्टनेमि नाम से है। उन्होंने गुजरात पुलिस प्रशासन और केंद्र सरकार से यात्रा की सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सहयोग करने की अपील की।

संगठन के संरक्षक गोल्डी जैन और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यश जैन ने घोषणा कि प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान के जन्मकल्याणक के अवसर 23 मार्च 2035 को धर्म पद यात्रा का शुभारंभ दिल्ली से होगा। विशेष सभा में संगठन के मंत्री राजीव जैन, सहमंत्री मनीष जैन, कोषाध्यक्ष मयंक जैन, प्रचार मंत्री प्रदीप जैन, मीडिया प्रभारी आकाश जैन, सम्मानित सदस्य वीरेंद्र जैन, अनुज जैन, निपुण जैन, अमित जैन, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका रुचि जैन, युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री सागर जैन, देवेश जैन और संगठन की नोएडा शाखा के अध्यक्ष के. के. जैन व महामंत्री दिनेश जैन, जैन शिक्षा समिति के महामंत्री जय किशन जैन, वैशाली और दिल्ली हृष्टक्र की अनेकों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने धर्म पद यात्रा को सफल बनाने में अपने सुझाव दिए।

इंदौर से प्रसिद्ध भजन गायक मयूर जैन और दिल्ली जैन समाज की संस्थाओं के पदाधिकारियों में श्री रवि जैन गुरु जी, तीर्थ क्षेत्र कमेटी से प्रद्युमन जैन, अचल जैन, एडवोकेट राजेश जैन, नमोकर ग्रुप से जितेंद्र जैन, वीरेंद्र जैन, राम नगर प्रधान श्री संदीप जैन, अमित जैन और सतेंद्र जैन जागृति एनक्लेव, मनीष जैन शांति विहार, गोलालारे समाज से आकाश जैन सोनू रोहिणी, राजेश व गौरव जैन, सीए विपुल जैन, अभिषेक जैन, रविन्द्र जैन ऋषभ बिहार, एकांश जैन अशोक विहार, प्रदीप जैन यमुना विहार और समाज के अन्य गणमान्यों ने उपस्थित होकर पूर्ण सहयोग के आश्वासन के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। **-आकाश जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम लोगों की समस्याएँ

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके माँगों एवं समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने जनदर्शन में पहुँचे लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर उनके माँगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनदर्शन में आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम अचैद निवासी तिलक राम ने वृद्धा पेंशन प्रदान करने एवं ग्राम चैरेल के ग्रामीणों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रयोगशाला कक्ष के निर्माण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम अन्नुटोला निवासी गणेशराम कुमेटी ने क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने, बालोद विकासखण्ड के ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों ने निस्तारी हेतु तालाब की मांग की। इस तरह संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष कुल 70 आवेदकों ने उनके माँगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर चन्द्रवाल ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम जनता के माँगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर लकरा भी उपस्थित थे।

### बाल-बाल बचे यात्री, तेज रफ्तार बस घर में घुसी

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिले में यात्रियों से भरी एक तेज रफ्तार बस दुर्घटना का शिकार हो गई. यात्री बस ने तेज रफ्तार में टाटा मैजिक वाहन को टक्कर मारते हुए घर में घुसी गई है. बस में 12 से अधिक यात्री सवार थे. हादसे में एक बच्ची सहित दो लोग घायल हो गए हैं. घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. घायलों को शासकीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है. घटना राजिम महासमुन्द मुख्य मार्ग पर जामगांव की है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, थानूजा ट्रांसपोर्ट की सी जी 06 डी 9554 क्रमांक बस आज दोपहर राजिम-महासमुन्द मुख्य मार्ग पर जामगांव के एक घर में जा घुसी. यात्री बस में 12 से अधिक लोग सवार थे. बस यात्रियों को लेकर महासमुन्द से छुरा जा रही थी. इस दौरान ड्राइवर रवि साहू ने जब तेज रफ्तार में ब्रेक लगाने की कोशिश की तो बस अनियंत्रित हो गई और छोटा हाथी वाहन को टक्कर मारते हुए घर में घुस गई. जिससे बस सवार यात्रियों में हड़कंप मंच गया. घटना में दो लोग घायल हुए हैं. इसमें एक बच्ची और महिला शामिल हैं. घायलों को शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### पोटाकेबिन में पढ़ने वाले एक और छात्र की मौत

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** जिले में छात्रों की मौत का सिलसिला नहीं थम रहा है। यहां पोटाकेबिन भटवाड़ा के चौथी कक्षा के एक और छात्र की मौत हो गई है। बीते कुछ दिनों में ये तीसरी मौत है। छात्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के दौरान तबियत बिगड़ने के बाद मेकॉज जगदलपुर के लिए रेफर किया गया था जहां ले जाने के दौरान छात्र ने रास्ते मे दम तोड़ दिया। बता दें कि इससे पहले माता रूकमणी आश्रम और नैमेड़ पोटाकेबिन में भी छात्रों की मौत हो चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार दिल से जुड़ी समस्या के कारण पोटाकेबिन भटवाड़ा के चौथी कक्षा पढ़ने वाले 9 वर्षीय टांकेश्वर नाग को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उसे मेकॉज जगदलपुर रेफर किया गया था। किंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही छात्र ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मामले पर बीजापुर के सीएमएचओ डॉ. बी. आर. पुजारी ने कहा कि सोमवार को बीजापुर जिला चिकित्सालय में परिजनों और पोटाकेबिन स्टॉप द्वारा लाया गया था, बीमारी हार्ट से जुड़ी थी। प्राथमिक ईलाज कर तुरंत हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था।

### अवैध शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**धमतरी(विश्व परिवार)।** जिले की थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रुप से शराब ले जा रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 44 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 3960 रूपये जप्त कर,धारा 34 (2)(क)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी पुलिस थाना सिटी कोतवाली धमतरी को मुखबिर के सूचना मिली की नया सड़क रोड दानीटोला धमतरी के पास एक व्यक्ति अपने मोटर साइकिल में अवैध रूप से थैले में शराब रखकर ले जा रहा हैं की सूचना के आधार पर शराब रेड कार्यवाही कर आरोपी केवल जाधव पिता स्व.तोखन जाधव उम्र 31 वर्ष निवासी मराठा पारा धमतरी के कब्जे से बोरी के अंदर 44 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3960 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली धमतरी में धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

# सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान में शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्य करें अधिकारी : कलेक्टर संजय

**जनादेश परब एवं सुशासन सप्ताह में होंगे विभिन्न आयोजन**

**21 दिसम्बर को किसान सम्मेलन, 23 को महतारी वंदन एवं नगर पालिक निगम का शिविर होगा आयोजित**



**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी शासन की महती योजना है। सभी नोडल अधिकारी धान उपार्जन केन्द्रों में जाकर मानिटरिंग करें। राईस मिलर्स की हड़ताल समाप्त होने के बाद धान के उठाव में तेजी आएंगी। उन्होंने कहा कि जिन धान उपार्जन केन्द्रों में धान रखने के लिए जगह की कमी हो रही है, वहां स्थान बनाने के साथ ही धान का उठाव शीघ्र कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनादेश परब मनाया जा रहा है। वहीं भारत सरकार द्वारा 19 से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय, ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर लगाया जाएगा। शिक्षा स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित सभी विभाग अपनी विभागीय योजनाओं से संबंधित विभागीय योजनाओं से संबंधित गतिविधियों का आयोजन करेंगे तथा पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए सभी आपसी सहभागिता एवं समन्वय के कार्य करेंगे। 21 दिसम्बर को किसान सम्मेलन, 23 को महतारी वंदन एवं नगर पालिक निगम का शिविर आयोजित होगा । उन्होंने कहा कि इन शिविरों में ड्राइविंग लाईसेंस, आधार कार्ड सहित अन्य योजनाओं से नागरिकों को लाभान्वित करने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। उन्होंने पीजीएन जनशिकायत, पीजी पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शिकायतों के निराकरण यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले सभी पत्रों का सभी विभाग समय पर उत्तर दें। उक्त बातें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरट में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कही। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के संबंध में सभी विभाग नियमित तौर पर प्रतिवेदन भेजे। उन्होंने अवैध शराब की बिक्री, अवैध खनिज उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अपराधियों को जिला बदर करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे पौधरोपण एवं जल संरक्षण के कार्यों को लगातार जारी रखें। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं से गरीब एवं जरूरतमंदों को लाभान्वित करने के लिए उनका चिन्हांकन करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही सूची का सत्यापन भी करें।

## साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे जिले के नागरिकों ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर की प्रशंसा

**फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से शासन द्वारा संचालित योजनाओं से नागरिक हुए रूबरू**

**शासन के विकास कार्यों एवं योजनाओं को एक साथ संजोया गया - भूषण दास**

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर में जनादेश परब पर जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से कलेक्टोरेट में केन्द्र एवं राज्य शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जिले के विकास कार्यों, नवाचार तथा अभियानों को एक साथ संजोया गया है। कलेक्टोरेट आने वाले आगंतुकों द्वारा फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया और प्रचार-प्रसार सामग्री प्राप्त होने पर राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यों की सराहना की गई। इसके साथ ही बड़ी संख्या में साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे जिले के नागरिकों ने भी फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रशंसा की और शासन द्वारा संचालित योजनाओं से रूबरू हुए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन की विभिन्न लोकहितैषी योजनाओं के माध्यम से जनसामान्य के जीवन में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। सरकार नागरिकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। राजनांदगांव विकासखंड के आरला निवासी श्री सुकुल राम ने कहा कि वे शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य शासन और जिले के विकास कार्यों को बहुत अच्छे प्रदर्शित किया गया है। इनमें से वे कई सारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं और प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का विस्तार से जानकारी लेने का अवसर मिला है। जनसंपर्क विभाग के फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे पूनम कालोनी राजनांदगांव निवासी श्री निशांत रामटेके ने कहा कि शासन की लोकहितैषी योजनाएं विकास की दिशा निर्धारित कर रही है। राजनांदगांव निवासी श्री जसवंत कुमार साहू ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए बहुत अच्छी है। इस योजना से गरीबों के सपने साकार हो रहे हैं। डोंगरगांव निवासी श्री बलराम तिवारी ने कहा कि शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना और कृषक उन्नति योजना गरीब एवं किसानों के लिए बहुत लाभकारी योजनाएं हैं।

## चिरमिरी शहर में दिखी बाघिन : गलियों में घूमती दिखी, लोगों में दहशत, वन अमला पहुंचा मौके पर

**मनेंद्रगढ़(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ जिले के चिरमिरी नगर निगम रेंज के रहवासी क्षेत्र में बाघीन विचरण कर रही है। जिसके कारण लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया है। वहीं सूचना मिलने के बाद वन अमला दल-बल के साथ मौके पर मौजूद है। साथ ही वन विभाग लोगों घरों से बाहर नहीं निकलने की चेतावनी दे रहे हैं। वहीं बीते महीने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाराष्ट्र के नागपुर मंडल अंतर्गत गोबरवाही-डोंगरीबुजुर्ग स्टेशन के बीच तुमसर रोड-तिरोडी डेमू गाड़ी क्र. 07811 तुमसर-तिरौड़ी पैसेंजर से एक बाघ टकराकर घायल हो गया था। इस दौरान बाघ को रेस्क्यू करने में 7 घंटे तक रेल यातायात बाधित हो गया था। घटना के बाद वन विभाग को बाघ का रेस्क्यू किया था। जिसके बाद बाघ को उपचार के लिए नागपुर भेजा गया था। पैसेंजर ट्रेन से बाघ के टकराकर घायल होने की सूचना मिलते ही तत्काल राउंड ऑफिसर वन विभाग यादव को देकर उप निरीक्षक मोहम्मद मुगीसुद्दीन रेसुब चौकी तुमसर रोड अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान वन विभाग भंडारा डिवीजन की रेस्क्यू टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बाघ को बेहोशी शॉट लगाया गया था। वन विभाग के चिकित्सक द्वारा बाघ को बेहोश करने के बाद रेल पथ की पुश ट्राली से उक्त घायल टाइगर को रेलवे स्टेशन डोंगरीबुजुर्ग लाया गया था। फिर यहां से उसे गिरेवाड़ा नागपुर रेस्क्यू सेंटर ले जाया गया था। जहां बाघ का प्रारंभिक उपचार किया गया था। घटना से रेल यातायात समय सुबह 5.40 बजे से दोपहर 01 बजे तक रेल यातायात बाधित रहा था। वहीं बाघ के घायल होने की सूचना मिलने पर आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे थे जिन्हें संभालने के लिए भी रेलवे पुलिस ने काफी मशक्कत की।

### चाकूबाजी के मामले में फरार आरोपी भेजा गया जेल

**धमतरी(विश्व परिवार)।** जिले के कुरूद थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुए चाकूबाजी के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले में एक आरोपी पहले की जेल भेजा जा चुका है। बता दें कि दिनांक 16.10.24 को प्रार्थी कृष्ण कुमार पाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसको तथा लोकेश ध्रुव को शराब लाने से मना करने पर गजेन्द्र उर्फ बिट्टू एवं राहूल साहू द्वारा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर रहे थे, जिसे देखकर शिक्षक हीरा राम साहू एवं रूस्तम साहू बीच बचाव करने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। इस मारपीट में आरोपी राहूल साहू द्वारा लोकेश के बाए हाथ मे चाकू मारकर चोट पहुंचाया गया था।

## यूथ एवं इको क्लब के जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के आदेश अनुसार कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं जयंत नाहटा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में, जिले के चारो विकासखंड से 10-10 शिक्षकों के दर से कुल 40 शिक्षकों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस संबंध में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यूथ एवं इको क्लब के दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण



का आयोजन दिनांक 17 दिसंबर 2024 से जिले के ग्रंथालय में प्रात: 10 बजे से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबस्ता और जिला मिशन समन्वयक हरीश प्रताप सिंह गौतम से प्राप्त जानकारी अनुसार। इसमें राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर विजय कुमार गजीर और कोमल सिंह के द्वारा यूथ एवं इको क्लब के अंतर्गत द्वितीय चरण का प्रशिक्षण में जमीन मॉड्यूल एवं प्लास्टिक साक्षरता संबंधी कार्य, के बारे में विस्तार से बताया गया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यूथ एवं इको क्लब के माध्यम से छात्रों की बौद्धिक एवं सामाजिक विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों को विद्यालय स्तर पर संचालित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस प्रशिक्षण में प्लास्टिक के विभिन्न प्रकारों, उसके दुष्प्रभाव और पर्यावरण पर इसके प्रभाव को विस्तृत रूप से समझाया गया। साथ ही बच्चों को प्लास्टिक के प्रबंधन और इसके महत्व के बारे में जागरूक करने हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही स्कूलों में पोषण वाटिका का निर्माण का सुझाव, जिले के प्रत्येक विद्यालय में पोषण वाटिका का निर्माण, इसके तहत बच्चों के बाल सभा एवं बाल कैबिनेट का गठन कर पोषण वाटिका में जैविक कृषि, पर्यावरण के रखरखाव से संबंधित गतिविधियों को संचालन करने पर भी जोर दिया गया।

# जर्जर राष्ट्रीय राजमार्ग के मरम्मत के लिए राहुल जीत अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे

**सैकड़ो लोगों ने पहुंचकर अनशन का किया समर्थन**




**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के जर्जर स्थिति को लेकर चिंतित एवं आक्रोशित नगर के युवा राहुल जीत सिंह अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार भारत माता चौक के समीप अनिश्चितकालीन अनशन में आज दोपहर 12 बजे से बैठ गए। अनशन में बैठने के पूर्व से ही व्यापक समर्थन क्षेत्रवासियों का राहुल जीत को मिल रहा है। सभी ने एक स्वर में कहा कि राहुल जीत सिंह मांग जायज है। राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधिकारियों को इसमें तत्काल संज्ञान लेना जाना चाहिए। गौरतलब है की राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की अत्यंत के जर्जर स्थिति लंबे समय से है परंतु इसके मरम्मत में राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के द्वारा कोई दिलचस्पी नहीं दिखलाई जा रही है।दिन प्रतिदिन राष्ट्रीय राज्य मार्ग की स्थिति और बदतर होते जा रही है। करीब करीब प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है अब तक कई लोगों की मौत भी हो चुकी है परंतु उसके बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के अकर्मण्य रवैया से पूरे क्षेत्रवासीयो में व्यापक आक्रोश है। नगर के युवा राहुल जीत सिंह के द्वारा अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार मां महामाया मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात भारत समाचार चौक के समीप धरना स्थल में राष्ट्रीय गान के बाद अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ गए। राहुल जीत सिंह का कहना है कि जब तक मांग नहीं मानी जाती है तब तक अनशन इसी प्रकार जारी रहेगा। सैकड़ो लोगों ने पहुंचकर धरना स्थल में किया समर्थन......... आज दोपहर 12 राहुल जीत सिंह के धरना पर बैठने के के पश्चात लगातार लोगों का पहुंचकर समर्थन देना जारी है। दोपहर 12 से देर शाम तक सैकड़ो लोग अनशन का समर्थन करने पहुंच चुके हैं राहुल जीत सिंह ने बताया कि धरना में बैठने के बाद लगातार लोगों का आना जारी है सबसे अधिक युवा वर्ग के लोग धरना स्थल पर पहुंचकर अनशन का समर्थन कर रहे है। इंटरनेट मीडिया पर भी जमकर मिल रहा है राहुल जीत को समर्थन........ इंटरनेट मीडिया पर भी सैकड़ो लोगों के द्वारा अब तक राहुल जीत सिंह के अनशन को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जर्जर सड़क के लिए कीए जा रहे हैं अनशन का समर्थन किया। लोगों ने कहा कि जायज मांग है अविलंब इसे मानना चाहिए।

### प्राथमिक शाला नदीगांव में बच्चों को दिया गया न्योता भोजन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के अंतर्गत बच्चों को पोषणयुक्त आहार एवं स्वादिष्ट भोजन देने हेतु छत्तीसगढ़ समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार न्योता भोजन देने की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में बरमकेला ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला नदीगांव में पदस्थ शिक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता के द्वारा अपनी माता गौरी गुप्ता की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर शाला में बच्चों के स्वरुचि अनुसार न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें नदीगांव शाला के सभी बच्चे, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे, संकुल प्राचार्य नदीगांव, संकुल समन्वयक नदीगांव, सरपंच एवं पंच ग्राम पंचायत नदीगांव, सीएचओ नदीगांव उपस्थित रहे और न्योता भोज में भोजन किए। उल्लेखनीय है कि न्योता भोज भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसके माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखते हैं। पारंपरिक भारतीय न्योता भोज समारोह जिसमें मेहमानों को सम्मानित करने और उनका स्वागत करने के लिए एक विशेष भोजन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को परोसे जाते हैं।

## व्यापार समाचार

### एसबीआई लाइफ ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए लॉन्च किया स्मार्ट प्लेटिना सुप्रीम

**मुंबई( एजेंसी )।** भारत के सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने एक गैर-लिंक्ड और गैर-भागीदारी वाली जीवन बीमा बचत योजना 'एसबीआई लाइफ- स्मार्ट प्लेटिना सुप्रीम' लॉन्च की है, जो सुरक्षा और गारंटीशुदा भुगतान का सहज संयोजन प्रदान करती है। आज के अनिश्चितता के दौर में उपभोक्ताओं को निश्चितता की तलाश है और इस वजह से भविष्य में आय की गारंटी देने वाले वित्तीय साधनों की मांग बढ़ रही है। एसबीआई लाइफ-स्मार्ट प्लेटिना सुप्रीम इस जरूरत को पूरा करती है और एक अनुकूलन योग्य जीवन बीमा योजना प्रदान करती है, जिसमें उपभोक्ता द्वारा तय भावी आय की गारंटी शामिल है। आज के आर्थिक अनिश्चितता भरे दौर में हर आयु वर्ग और जनांकिकी से जुड़े लोगों को अहसास हो रहा है कि भावी जीवन को सुरक्षित रखने के लिए आज ही कदम उठाना जरूरी है। इसलिए, एसबीआई लाइफ- स्मार्ट प्लेटिना सुप्रीम को सभी आयु वर्ग के लोगों की विभिन्न किस्म की जरूरतों के अनुकूल बनाया गया है। यह गारंटीशुदा आय योजना (इनकम प्लान) हर किसी की जरूरत के अनुकूल सुविधा प्रदान करने वाली विशिष्टताएं, जैसे- लचीली पॉलिसी प्रीमियम भुगतान शर्तें, पॉलिसी अवधि, भुगतान अवधि, स्तर और बढ़ती हुई गारंटीशुदा आय और भुगतान अवधि के अंत तक जमा कुल प्रीमियम का 110त्न रिटर्न आदि प्रदान कर दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करती है। गारंटीड बचत योजना उन व्यक्तियों के लिए वन-स्टॉप समाधान के रूप में कार्य करती है, जो सुनिश्चित रिटर्न की तलाश में हैं और साथ ही अपनी और अपने प्रियजनों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बेहतरीन वित्तीय सुरक्षा तय करना चाहते हैं। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अमित झिंगरन ने एसबीआई लाइफ स्मार्ट प्लेटिना सुप्रीम के लॉन्च के बारे में बोलते हुए कहा, आज के गतिशील वित्तीय माहौल में, लोगों को ऐसे बीमा समाधानों की जरूरत है, जो सुरक्षा और लचीलेपन के साथ-साथ उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भावी आय की मजबूत गारंटी भी प्रदान करें। हमारी नई गारंटीड रिटर्न योजना- एसबीआई लाइफ- स्मार्ट प्लेटिना सुप्रीम के साथ, उपभोक्ता अपने प्रियजनों के वित्तीय भविष्य की सुरक्षा करते हुए जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों को साकार करने के लिए आत्मविश्वास से योजना बना सकते हैं।

### स्टॉक मार्केट की कमजोर शुरुआत सेंसेक्स 273 अंक लुढ़का

**मुंबई( एजेंसी ) ।** शेयर बाजार की मंगलवार को लगातार दूसरे दिन कमजोर शुरुआत हुई है। बीएसई 273.82 सेंसेक्स अंक टूटकर 81,474.75अंक पर खुला है। वहीं, एनएसई निफ्टी भी 74.60 अंकों की गिरावट के साथ 24,593.65 अंक पर कारोबार कर रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपये रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने और वैश्विक बाजारों में बिकवाली का असर भारतीय बाजार पर देखने को मिल रहा है। साल का आखिरी महीना होने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की घोषणा से पहले निवेशक सर्तक रुख अपना रहे हैं। आपको बता दें कि वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 384 अंक गिरकर बंद हुआ। रुपये में गिरावट और चीन में कमजोर आर्थिक आंकड़ों के बीच धातु तथा आईटी शेयरों में बिकवाली दबाव से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 384.55 अंक की गिरावट के साथ 81,748.57 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 100.05 अंक की गिरावट के साथ 24,668.25 अंक पर बंद हुआ था। मार्केट एक्सपर्ट के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व इस सप्ताह नीतिगत दर पर निर्णय लेगा। इसको देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया जिससे वैश्विक बाजार में नरमी बनी हुई है। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, नेस्ले, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील और टाइटन के शेयर नुकसान में रहे। टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में तेजी आई।

### एयर इंडिया छात्रों के लिए लेकर आई खास स्कीम

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** एयर इंडिया इन दिनों अपने यात्रियों के लिए काफी शानदार ऑफर लेकर आया है। एयर इंडिया ने डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में यात्रा करने वाले छात्रों के लिए स्पेशल प्लान की घोषणा की है। एयर इंडिया ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में यात्रा करने वाले 12 वर्ष से कम आयु के सभी छात्रों के लिए कम किराया और विशेष लाभ देने की शुरुआत की है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक एयर लाइन ने ऐसा ऐलान किया है जिससे छात्र खुश हो गए है। एयर इंडिया में यात्रा करने पर अब छात्रों को एयर इंडिया की साइट या मोबाइल ऐप पर बुकिंग करने पर उड़ानों के सभी आधार किराए पर 10 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसके साथ ही छात्रों को फ्लाइट में 10 किलोग्राम अतिरिक्त सामान की अनुमति और एक बार मुफ्त डेट चेंज का विकल्प मिलेगा। यह छूट घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में इकॉनमी, प्रीमियम इकॉनमी और बिजनेस में सभी बुकिंग के लिए उपलब्ध है। घरेलू यात्रा के लिए, छात्र की आयु कम से कम 12 वर्ष होनी चाहिए। वहीं अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए उनकी आयु 12-30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। छूट का लाभ उठाने के लिए छात्रों को वैध पहचान पत्र, छात्र वीजा या किसी स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय से प्राप्त स्वीकृति पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसे राज्य या केंद्रीय शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हो। छात्र विशेष किराए के लिए तभी पात्र होंगे जब उन्होंने कम से कम एक वर्ष के लिए पूर्णकालिक शैक्षणिक पाठ्यक्रम में दाखिला लिया हो। छात्रों को इन लाभों का लाभ उठाने के लिए उन्हें अपनी सभी बुकिंग एयर इंडिया के प्रत्यक्ष चैनलों - उनकी वेबसाइट, मोबाइल ऐप या संपर्क केंद्र के माध्यम से करनी होगी। छात्र एयरलाइन के लॉयल्टी कार्यक्रम, %महाराजा क्लब% में भी नामांकन करा सकते हैं, तथा प्रत्येक यात्रा पर रिवार्ड प्वाइंट अर्जित कर सकते हैं, जिसे वे मानार्थ टिकट और अपग्रेड के बदले में भुना सकते हैं। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुण अग्रवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इन नए छात्र किराया लाभों के साथ, हम युवा यात्रियों के लिए दुनिया की खोज करना, विभिन्न संस्कृतियों से जुड़ना और अपने क्षितिज को व्यापक बनाना आसान और अधिक किफायती बना रहे हैं।



# टिम साउथी ने खेला अपना आखिरी टेस्ट जानिए उनके रिकॉर्ड्स और उपलब्धियां

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के तीसरे टेस्ट में 423 रन से हराया।हैमिल्टन में खेला गया ये मुकाबला टिम साउथी के टेस्ट करियर का आखिरी मैच रहा।इसके साथ ही उनके लगभग डेढ़ दशक लम्बे टेस्ट करियर का अंत हो गया। उन्होंने 2008 में अपना पहला टेस्ट खेला था।उन्होंने अपने टेस्ट करियर में कुछ शानदार रिकॉर्ड्स बनाए, आइए उनके बारे में जानते हैं। साउथी ने अपने आखिरी टेस्ट में कुल 2 विकेट लिए।उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 107 टेस्ट खेले, इसकी 203 पारियों में 30.26 की औसत से 391 विकेट लिए। उन्होंने 19 बार 4 विकेट हॉल और 15 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए।वह न्यूजीलैंड की ओर से इस प्रारूप में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। कीवी गेंदबाजों में उनसे ज्यादा विकेट सिर्फ रिचर्ड हेडली (431) ने लिए हैं। साउथी ने बल्लेबाजी में 7 अर्धशतकों की मदद से 2,245 टेस्ट रन बनाए। इस बीच 77* रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा।वह टेस्ट प्रारूप में 2,000+ रन के साथ-साथ 300+ विकेट लेने वाले सिर्फ 3 कीवी खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने नवंबर 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट के दौरान ये उपलब्धि हासिल की थी।उनके अलावा न्यूजीलैंड से सिर्फ रिचर्ड हेडली और डेनियल विटोरी ही ऐसा कर चुके थे। साउथी ने अपने आखिरी टेस्ट में कुल 3 छक्के लगाए और उन्होंने अपने टेस्ट करियर का अंत 98 छक्कों के साथ किया।उन्होंने छक्कों में मामले में क्रिस गेल (98) की बराबरी की। उन्होंने इस मामले में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज जैक्स कैलिस (97) को पीछे छोड़ा।टेस्ट में साउथी और गेल से ज्यादा छक्के सिर्फ बेन स्टोक्स (133), ब्रैंडन मैकुलम (107) और एडम गिलक्रिस्ट (100) ने लगाए हैं। साउथी के नाम टेस्ट डेब्यू पर एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है।उन्होंने 2008 में नेपियर में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 9 छक्कों की मदद से नाबाद 77 रन की पारी खेली थी।टेस्ट क्रिकेट के अब तक एक इतिहास में साउथी एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके टेस्ट मैचों में लगाए गए छक्कों की संख्या (98) उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ स्कोर (77*) से अधिक है।

## जो रूट ने 2024 में बनाए 1,500+ टेस्ट रन रिकी पोंटिंग के रिकॉर्ड की बराबरी की

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए सीरीज के तीसरे और आखिरी टेस्ट में 423 रन से करारी शिकस्त मिली।हैमिल्टन में हुए इस मुकाबले में जो रूट ने अपनी पहली पारी में 32 और दूसरी पारी में 54 रन बनाए।इस बीच रूट ने 2024 में 1,500 रन का आंकड़ा भी पार किया। वह एक कैलेंडर वर्ष में एक से अधिक बार 1,500+ रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। इंग्लैंड ने इस साल का अपना आखिरी टेस्ट खेल दिया है। ऐसे में रूट ने 2024 में 17 मैच खेले, जिसमें 55.57 की औसत के साथ सर्वाधिक 1,556 रन बनाए।इस बीच उन्होंने 262 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 6 शतक और 5 अर्धशतक लगाए।इससे पहले रूट ने 2021 में 15 मैचों में 61.00 की औसत के साथ 1,708 रन बनाए थे। उन्होंने उस साल 6 शतक लगाए थे। रूट से पहले सिर्फ रिकी पोंटिंग ही एक कैलेंडर वर्ष में एक से अधिक बार 1,500+ रन बना चुके थे।पोंटिंग ने 2003 में 1,503 रन और 2005 में 1,544 रन बनाए थे। उन्होंने इन दोनों सालों में 11-11 मैच खेले थे।रूट और पोंटिंग के अलावा केवल 5 अन्य बल्लेबाजों ने एक कैलेंडर वर्ष में 1,500 से ज्यादा टेस्ट रन बनाए हैं।मोहम्मद यूसुफ, विव रिचर्ड्स, ग्रीम स्मिथ, माइकल क्लार्क और सचिन तेंदुलकर ऐसा कर चुके हैं। रूट अब न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने इस मामले में जावेद मियांदाद को पीछे छोड़ा है।



## भारत का बैंकिंग सेक्टर मजबूत, खराब लोन में आएगी गिरावट : एसएंडपी ग्लोबल

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत का वित्तीय सेक्टर लगातार मजबूत बना हुआ है। सरकार द्वारा किए जा रहे सुधारों और अर्थव्यवस्था की तेज आर्थिक गति से इसे सहारा मिल रहा है। यह जानकारी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 2025 बैंकिंग आउटलुक में दी। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स में एनालिस्ट, दीपाली सेठ-छाबड़िया ने कहा, हमें लगता है कि एसेट क्वालिटी स्थिर हो जाएगी और 31 मार्च,2025 तक बैंकिंग सेक्टर में खराब लोन घटकर ग्रॉस लोन का केवल 3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इस सकारात्मक ट्रेंड की वजह मजबूत कॉरपोरेट बैलेंसशीट का होना और रिक्स मैनेजमेंट प्रथाओं का बढ़ना है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि रिटेल लोन के अंडरराइटिंग स्टैंडर्ड मजबूत बने हुए हैं। हालांकि, पर्सनल लोन की वृद्धि के कारण जोखिम बना हुआ है। एसएंडपी ग्लोबल का अनुमान है कि लोन ग्रोथ (विशेषकर रिटेल सेगमेंट में) जीडीपी की वृद्धि दर से अधिक रहेगी। हालांकि, डिपॉजिट वृद्धि दर में कम रह सकती है और इसका प्रभाव क्रेडिट-डिपॉजिट रेश्यो देखने को मिल सकता है। रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, क्रेडिट लागत वित्त वर्ष 2024 में 0.8 प्रतिशत के दशकीय निचले स्तर पर रहने के बाद फिर से सामान्य होकर 0.8 प्रतिशत से लेकर 0.9 प्रतिशत के बीच रह सकती है। इसके बाद भी मुनाफे की स्थिति मजबूत रहेगी। वित्त वर्ष 25 में एसेट्स पर औसत रिटर्न 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हाल में आई आरबीआई की रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय फाइनेंसियल सिस्टम मजबूत बना हुआ है और व्यापक आर्थिक स्थिरता का इसे फायदा मिल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, बैंकिंग क्षेत्र अच्छी तरह से पूंजीकृत है और इसकी अच्छी बैलेंस शीट उच्च जोखिम अवशोषण क्षमता को दर्शाती है, जबकि एनबीएफसी क्षेत्र और शहरी सहकारी बैंकों में भी सुधार जारी है। वित्त मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, देश के शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंकों का ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) जून 2024 तक कम होकर 2.67 प्रतिशत रह गया है, जो कि मार्च 2018 तक 11.18 प्रतिशत था।

## केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने दूसरे शतक से चूके

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25**

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ ब्रिसबेन क्रिकेट ग्राउंड (गाबा) में खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के तीसरे टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम के केएल राहुल शतक बनाने से चूक गए।वह अपनी पहली पारी में 84 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्हें अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने अपना शिकार बनाया।इस बीच उन्होंने रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 67 रन भी जोड़े।आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। गाबा के मैदान पर एक छोर से भारतीय बल्लेबाजों ने निरंतर विकेट गंवाए तो दूसरी छोर से राहुल ने टिककर बल्लेबाजी की।अच्छी लय में दिख रहे राहुल को 33 के व्यक्तिगत स्कोर पर जीवनदान भी मिला था। दूसरी स्लिप में खड़े स्टीव स्मिथ ने उनका आसान कैच छोड़ दिया।इसका उन्होंने भरपूर फायदा उठाया। उम्दा बल्लेबाजी कर रहे राहुल 139 गेंदों में 84 रन बनाकर छठे विकेट के रूप में आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के 445 रन के जवाब में भारत ने चौथे दिन के भोजनकाल तक 167/6 का स्कोर बनाया है। इस समय क्रीज पर जडेजा (41) और नितीश रेड्डी (7) मौजूद हैं। आज पहले सत्र में भारत ने 116 रन बनाए और अपने 2 विकेट गंवाए। राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक 14 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 36.91 की औसत के साथ 849 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 8 अर्धशतक लगाए हैं।उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अब तक 8 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 29.85 की औसत के साथ 418 रन बनाए हैं।इस दौरान उनके बल्ले से 1 शतक और 2 अर्धशतक निकले हैं। वह ऑस्ट्रेलिया में एक पारी में शून्य पर भी आउट हुए हैं। मौजूदा सीरीज में राहुल ने अपना दूसरा अर्धशतक लगाया है। उन्होंने पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में भी अर्धशतक जड़ा था।उन्होंने इस सीरीज में अब तक 3 मैचों की 5 पारियों में 46.20 की औसत के साथ 231 रन बनाए हैं।उनके अलावा कोई अन्य भारतीय बल्लेबाज 200 रन का आंकड़ा नहीं छू सका है।मौजूदा सीरीज में उनके स्कोर क्रमश: 26, 77, 37, 7 और 84 रन रहे हैं। राहुल ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2014 में कंगारू टीम के खिलाफ ही खेला था।उन्होंने अब तक 56 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 96 पारियों में 34.53 की औसत से 3,212 रन बनाए हैं।इस बीच उन्होंने 8 शतक और 17 अर्धशतक लगाए हैं।विदेशों में उन्होंने अब तक 36 मैचों की 64 पारियों में 32.23 की औसत के साथ 2,063 रन बनाए हैं, जिसमें 7 शतक शामिल हैं।



## पैट कमिंस टेस्ट में तीसरे सर्वाधिक विकेट वाले कप्तान बने, वेस्टइंडीज के दिग्गज को पीछे छोड़ा

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के तीसरे टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम के नितीश रेड्डी के रूप में अपना तीसरा विकेट चटकाया।इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले कप्तान बने हैं।उन्होंने इस मामले में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान गैरी सोबर्स (117) को पीछे छोड़ा है।आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। बतौर कप्तान कमिंस ने अब तक 31 मैच खेले हैं, जिसमें लगभग 24 की औसत के साथ 118 विकेट लिए हैं।उनसे ज्यादा विकेट लेने वाले कप्तान सिर्फ पाकिस्तान के इमरान खान और ऑस्ट्रेलिया के रिची बेनाउड हैं।बता दें कि इमरान ने 48 टेस्ट में कप्तानी करते हुए 20.26 की औसत के साथ 187 विकेट लिए थे।बेनाउड ने 56 टेस्ट में कप्तानी करते हुए 25.78 की औसत के साथ 138 विकेट चटकाए थे। ब्रिसबेन में खेले जा रहे टेस्ट की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के 445 रन के जवाब में भारत ने चौथे दिन के दूसरे सत्र के समापन तक 201/7 का स्कोर बनाया है। भारत को फॉलोऑन टालने के लिए 45 रन की दरकार है।इस समय क्रीज पर अर्धशतक लगा चुके रविंद्र जडेजा (65), और मोहम्मद सिराज (1) मौजूद हैं।ऑस्ट्रेलिया से कमिंस ने अब तक 3 विकेट चटकाए हैं।

## विकास इकोटेक लिमिटेड को कंफेडरेशन ऑफइंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) इंडस्ट्रियल इनोवेशन अवार्ड्स 2024 में टॉप 75 इनोवेशन कंपनीज़ में से एक होने का सम्मान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** प्लास्टिक और रबर इंडस्ट्रीज़ के लिए स्पेशलिटी पॉलिमर और स्पेशलिटी एडिटिव्स और केमिकल्स के कारोबार में अग्रणी कंपनी विकास इकोटेक लिमिटेड (बीएसई: 530961, एनएसई: ङ्कढ्ढक्रस्श्वष्टह्र) ने इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) इंडस्ट्रियल इनोवेशन 2024 में टॉप 75 इनोवेटिव कंपनियों में से एक होने की घोषणा की है। कंपनी को 12-13 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली के द ललित होटल में आयोजित सीआईआई वार्षिक शिखर सम्मेलन 2024: सीआईआई इंडस्ट्रियल इनोवेशन अवार्ड्स 2024 समारोह में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह इसकी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अवॉर्ड विनर्स के प्रतिनिधियों को विभिन्न क्षेत्रों के उल्लेखनीय व्यक्तियों द्वारा सुविधा प्रदान की गई, जिन्होंने इनोवेशन और इंडस्ट्री के नेतृत्व में कंपनी के विकास महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह पुरस्कार विकास इकोटेक लिमिटेड के बेहतरीन परफॉर्मेंस, इनोवेशन के लिए उनकी कमिटमेंट और डेवलपमेंट को बढ़ावा देने और रिसर्च और डेवलपमेंट को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण उपलब्धियों की पुष्टि करता है। विशेष रूप से, यह नैनोकंपोजिट्स, वेस्ट मैनेजमेंट और इलेक्ट्रो मैग्नेटिक इंड्यूस्ड (ईएमआई) शील्डिंग पर आधारित इंटेलिजेंट कोटिंग्स के क्षेत्र में कंपनी को आगे बढ़ाने की मान्यता देता है और उजागर करता है। यह सम्मान और पुरस्कार कंपनी की पहचान को ग्लोबल मार्केट में एक अग्रणी के रूप में मजबूत करता है। साथ ही, यह कंपनी को लगातार नई चीजें बनाने के लिए प्रेरित करता है, जिससे बेहतर बिजनेस ऑपर्च्युनिटीज और इन्वेस्ट मिलते हैं और कंपनी का विकास जारी रहता है। कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) भारत में एक प्राइमरी इंडस्ट्री एसोसिएशन है, जो पॉलिसी एडवोकेसी, बिजनेस प्रमोशन और ग्लोबल पार्टनरशिप की फैसिलिटी के माध्यम से इकोनॉमिक प्रोग्रेस को बढ़ावा देने और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है।

## एनएसडीसी इंटरनेशनल (NSDCI) और फिजिक्सवाला (PW) ने किया बिग (BIG) का शुभारंभ: एक संयुक्त पहल

नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन इंटरनेशनल (एनएसडीसी इंटरनेशनल) और फिजिक्सवाला (पीडब्लू), जो एक एडटेक कंपनी है, ने मिलकर एक पहल शुरू की है जिसे भारत इनोवेशन ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड (बिग) के नाम से जाना जाएगा। यह पहल भारत को एक वैश्विक शिक्षा केंद्र में बदलने के विजन की ओर एक बड़ा कदम है। बिग का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा को कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है, ताकि शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को कम किया जा सके। यह काम तकनीक आधारित और उद्योग से जुड़े शिक्षण तरीकों के जरिए किया जाएगा। बिग का लक्ष्य अलग-अलग उम्र और जरूरतों वाले लोगों को सीखने के मौके देना है। इसमें स्कूलों में 11वीं और 12वीं कक्षा से ही कौशल सिखाना शुरू किया जाएगा, ताकि छात्र शुरू से ही नौकरी के लिए तैयार हो सकें। यह पहल इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई), पॉलिटेक्निक, कॉलेज के छात्रों और कामकाजी लोगों तक भी पहुंचती है, जिससे हर किसी को सीखने का मौका मिले। बिग सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने को भी प्राथमिकता देता है, ताकि उनकी



कौशल और ज्ञान को आधुनिक शासन की बदलती मांगो के साथ संगठित किया जा सके। यह पहल ऑनलाइन कोर्स की इजाजत देने वाले यूजीसी के नए नियमों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ मेल खाती है। इस अवसर पर श्री वेद मणि तिवारी, सीईओ, एनएसडीसी और एमडी, एनएसडीसी इंटरनेशनल ने कहा, फिजिक्सवाला के साथ हमारी यह साझेदारी शिक्षा और उद्योग की जरूरतों को जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारत इनोवेशन ग्लोबल (बिग) पहल लाखों छात्रों को भविष्य की नौकरियों के लिए जरूरी कौशल देकर सक्षम बनाएगी। यह सहयोग न केवल एनएसडीसी इंटरनेशनल की रोजगार बढ़ाने की प्रतिबद्धता दिखाता है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 19 दिसम्बर 2024

## राज्यपाल से पंडित रविशंकर शुक्ल विवि के कुलपति ने भेंट की

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ल ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने विश्वविद्यालय की गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया एवं विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सेमिनार हेतु राज्यपाल को आमंत्रित किया।



## संक्षिप्त समाचार

### पैन कार्ड 2.0 एक नया क्रांति सिद्ध होगा : द टैक्स फर्म टीम

THE TAX FIRM

**रायपुर (विश्व परिवार)।** बीते दिनों भारत सरकार के आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) के बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए जिसमें पैन 2.0 योजना ने सबका ध्यान आकर्षित किया, रायपुर स्थित टैक्स एवं स्टार्टअप सोल्यूशन कंपनी 'द टैक्स फर्म' के विशेषज्ञों के अनुसार पैन 2.0 योजना साइबर सुरक्षा एवं नागरिकों कि सुविधा के दृष्टिकोण से अत्यंत ही महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली योजना है, इसके अंतर्गत 78 करोड़ पैन और 73.28 लाख टैन के मौजूदा पैन डेटाबेस के साथ, यह परियोजना करदाताओं की आवश्यकताओं को पूरा करती है, जिसमें कई प्लेटफ़ॉर्म/पोर्टल को एकीकृत करने और पैन/टैन धारकों को कुशल सेवाएँ देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। वर्तमान में पैन कार्ड सम्बन्धित सेवाएं तीन अलग अलग प्लेटफार्म ई-फाइलिंग पोर्टल, यूटीआईआईटीएसएल पोर्टल और प्रोटीन ई-गवर्नेंस पोर्टल से संचालित होता है, इन सभी सेवाओं को एक प्लेटफार्म में एकीकृत किया जायेगा, 'द टैक्स फर्म' के वित्तीय विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि वर्तमान पैन कार्ड धारकों को इस नवीन योजना से चिंतित होने कि आवश्यकता नहीं है, क्यूंकि इस योजना के अंतर्गत पुराने पैन क्रमांक को निरस्त करने कि कोई बात नहीं कि गयी है एवं इस योजना के लागू होने के पश्चात भी वर्तमान पैन क्रमांक सक्रीय रहेंगे एवं नवीन डिजिटल कार्ड पैन धारक सरलता से प्राप्त कर सकेंगे, 'द टैक्स फर्म' ने अपने सभी फ्रैंचाइज़ी एसोसिएट्स के कार्यालयों को भी नागरिकों के सुविधा हेतु न्यूनतम कार्य शुल्क के साथ इस योजना पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया है।

### वरिष्ठ पत्रकार जगदीश वाढेर का निधन, प्रेस क्लब ने जताया शोक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** वरिष्ठ पत्रकार व रायपुर प्रेस क्लब के सदस्य चौबे कालोनी निवासी जगदीश वाढेर (उम्र 58 वर्ष) का बुधवार 18 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया। उन्होंने देशबंधु, अमृत संदेश व स्वदेश समाचार पत्र में लंबे समय तक काम किया है। उनका अंतिम संस्कार 19 दिसंबर, गुरुवार, दोपहर 2 बजे मरवाड़ी मुक्तिधाम में किया जाएगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी सहित सभी सदस्यों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# पद्मविभूषण श्रीमती तीजन बाई के इलाज में नहीं होनी चाहिए कोई कमी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिए हैं निर्देश

- पद्मविभूषण श्रीमती तीजन बाई से मिलने पहुंचे मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल
- चिकित्सकों की टीम के साथ श्रीमती तीजन बाई के स्वास्थ्य की ली जानकारी
- स्वास्थ्य मंत्री ने श्रीमती तीजन बाई को 5 लाख रुपये की दी आर्थिक सहायता



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, पंडवानी की लोक गायिका पद्मविभूषण श्रीमती तीजन बाई की हालत जानने आज उनके निवास गांव गनियारी (विकासखंड पाटन, जिला दुर्ग) पहुंचे। उन्होंने पद्मविभूषण श्रीमती तीजन बाई और उनके परिजनों से मुलाकात कर हाल-चाल पूछा और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मंत्री श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के तरफ से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक पद्मविभूषण श्रीमती तीजन बाई को प्रदान किया। श्री जायसवाल ने परिवार में नौकरी की माँग को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा करने का भी आश्वासन दिया। साथ ही शासन स्तर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बाते कही।

**स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल विधायकों के साथ श्रीमती तीजन बाई से मिलने पहुंचे गनियारी**

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने निर्देश दिया है कि छत्तीसगढ़ की पहचान पद्म विभूषण श्रीमती तीजन बाई के इलाज में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। तीजन बाई के इलाज के लिए चिकित्सकों की एक टीम भी तैनात की गई है जो लगातार उनका मेडिकल बुलेटिन भी जारी करते रहते हैं। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने श्रीमती तीजन बाई को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, श्री ललित चंद्राकर और श्री गजेंद्र यादव,संचालक स्वास्थ्य सेवाये, कलेक्टर, सीएमएचओ और स्वास्थ्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

## राजकुमार कॉलेज के 129वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पद्मश्री अश्वथी थिरुनल गौरी लक्ष्मी बाई रहेंगी मुख्य अतिथि



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजकुमार कॉलेज के 129वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की घोषणा अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है। यह आयोजन न केवल संस्थान के समृद्ध इतिहास और परंपराओं को दर्शाता है, बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण को भी सम्मानित करता है। इस वर्ष के कार्यक्रम को और भी विशेष बनाने के लिए त्रावणकोर की राजकुमारी पद्मश्री अश्वथी थिरुनल गौरी लक्ष्मी बाई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी।

पद्मश्री अश्वथी थिरुनल गौरी लक्ष्मी बाई ने एक उत्कृष्ट लेखिका के रूप में केरल की संस्कृति, विरासत और वास्तुकला जैसे विषयों पर अपने लेखन के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान दिया है। वह इस समारोह में शैक्षणिक, खेल और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्टता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करेंगी और उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए सबका उत्साहवर्धन करेंगी। राजकुमार कॉलेज का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एक बहुप्रतीक्षित परंपरा है, जो विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उनके समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अभिभावकों, पूर्व छात्रों और शुभचिंतकों को समारोह में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित किया जाता है।

## ग्राम खिलोरा बना 'बीमा ग्राम' : ऐतिहासिक पहल का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** ग्राम खिलोरा ने वर्ष 2023-24 में पहला 'बीमा ग्राम' बनने का गौरव प्राप्त किया, जिसे LIC के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस उपलब्धि के पीछे श्री विमल तिवारी और श्रीमती संगीता तिवारी के जबरदस्त प्रयासों का अहम योगदान रहा। उनके अथक परिश्रम और समर्पण ने ग्राम खिलोरा को इस ऐतिहासिक उपलब्धि तक पहुंचाया।

इस अवसर पर LIC द्वारा ग्राम विकास के लिए ?50, 000 की धनराशि प्रदान की गई। इस धनराशि का उपयोग ग्राम पंचायत खिलोरा द्वारा स्कूल शेड में पावर ब्लॉक लगाने के लिए किया जा रहा है। यह कार्य न केवल स्कूल के बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, बल्कि पूरे गांव के लिए भी लाभकारी साबित होगा।

**कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के नाम :** श्रीमती चित्ररेखा सुरेन्द्र ध्रुव, सरपंच, ग्राम खिलोरा। श्री गौकरण साहू, उपसरपंच, ग्राम खिलोरा। श्री लीलाधर तिवारी, जनपद सदस्य, अभनपुर। श्रीमती संतोषी रामेश्वर बंजारे, सरपंच, ग्राम सोनपैरी। श्री पुरुषोत्तम लाल ध्रुव, सरपंच, ग्राम खुड़मुड़ी।

**कार्यक्रम में LIC के अधिकारियों का विशेष योगदान रहा :** श्री प्रदीप साहू, LIC अधिकारी। श्री राहुल कहार, LIC अधिकारी। श्री सुनील सतनामी, LIC अधिकारी। श्री गोपाल सरकार, विकास अधिकारी। यह कार्यक्रम गांव के विकास की दिशा में एक नई पहल और ग्रामीण समुदाय के सशक्तिकरण का प्रतीक है। बीमा ग्राम योजना न केवल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगी, बल्कि गांवों के समग्र विकास का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

## मरीन ड्राइव में 'खुशहाल एक साल' इवेंट में रायपुरवासियों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

**सही जवाब देकर खूब उपहार भी बटोरे**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सफल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल पूरे हो गए हैं। जनसंपर्क विभाग द्वारा खुशहाल एक साल इवेंट के ज़रिए छत्तीसगढ़ सरकार की पिछले एक साल की उपलब्धियों और योजनाओं को राजधानी रायपुर के लोगों के बीच पहुंचाया जा रहा है । मनोरंजन , गेम्स , हंसी मज़ाक के माहौल में लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही और इस बीच सरकार की पिछले एक साल की उपलब्धियों और योजनाओं संबंधी प्रश्न भी रोचक ढंग से पूछे जा रहे हैं। सही जवाब देने पर उन्हें आकर्षक गिफ्ट वाउचर्स, उपहार भी दिए जा रहे हैं। योजनाओं की सही जानकारी और उस पर से सही जवाब देने पर मिलने वाले उपहार से लोगों के उत्साह में चार चांद लग रहा है । रविवार 15 दिसंबर मैग्नेटो मॉल से शुरू हुए खुशहाल एक साल इवेंट के सिलसिले की कड़ी में मंगलवार 17 दिसंबर को दूसरा कार्यक्रम तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव में किया गया। शाम की गुलाबी ठंड में मरीन ड्राइव पे वॉक करने, फ़ूड और गेम जोन में आनेवाले सैकड़ों लोगों ने इवेंट शुरू होने पर रुक कर इसका भरपूर आंनद लिया । कोई खड़े खड़े, कोई तालाब किनारे बैठकर, तो कोई कुर्सी में बैठकर इवेंट का लुत्फ उठाता रहा। बच्चे, बड़े, बुजुर्ग, युवा सबने ख़ुशहाल एक साल इवेंट में भाग लेते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना, नियद नेल्ला नार योजना, औद्योगिक विकास नीति, बस्तर पर्यटन कॉरिडोर, बढ़ती विमान सेवाएं, अधोसंरचनात्मक विकास के कार्यों को दिल से सराहा।

## मिशन कर्मयोगी अभियान : 50 हजार से कम कर्मचारियों वाले रेलवे जोन की श्रेणी में दक्षिण पूर्व मध्य मध्य रेलवे अव्वल रहा




**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य मध्य रेलवे में राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह में बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर रेल मंडल में राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान कर्मयोगी सप्ताह समापन किया गया। प्रथम केटेगीरी में (1) श्री अक्षय कर्मकार स्टेशन मास्टर 9 परिचालन ) नागपुर को प्रथम, (II) मो . फाइजन, टेक्निशन -3, मोती बाग, नागपुर (III) अजय कुमार साहू, मुख्य कर्मचारी और कल्याण निरीक्षक/ बिलासपुर। दूसरी केटेगीरी में (1) श्री वाई. वी. शंकर, मुख्य कर्मचारी और कल्याण निरीक्षक/ रायपुर (II) श्री महेंद्र राम, वरिष्ठ कल्याण निरीक्षक/ बिलासपुर। तीसरी केटेगीरी में (1) श्री नरेश कुमार पटेल, कल्याण निरीक्षक/ रायपुर, (11) श्री बी. पी. शुक्ल, वरिष्ठ कल्याण निरीक्षक/ बिलासपुर को पुरस्कार के लिए चुना गया। आज दिनांक 18 दिसम्बर, 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य मध्य रेलवे मुख्यालय में अपर महाप्रबन्धक, श्री विजय कुमार साहू के द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में अपर महाप्रबन्धक, श्री विजय कुमार साहू द्वारा मिशन कर्मयोगी तथा कर्मयोगी सप्ताह के बारे में विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस व्याख्यान के माध्यम से उन्होने रेल कर्मचारियों को द्वत्तह्ज्ञ कर्मयोगी प्लेटफॉर्म की उपयोगिता एवं दूरगामी सकारात्मक प्रभावों से अवगत कराया।

कर्मयोगी सप्ताह शिक्षण में बिलासपुर, रायपुर, नागपुर मंडलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थिती दर्ज की। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को कर्मयोगी प्रशिक्षक के रूप मेँ चिन्हित करते हुए प्रधान प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी डॉ दर्शनीता बी अहलुवालिया द्वारा सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि, वह अपने कार्य स्थल पर लौट कर अगले सप्ताह में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी के तहत द्वत्तह्ज्ञ के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करें।

## वरिष्ठ आईएएस और 1997 बैच के अधिकारी सुबोध सिंह की होगी छत्तीसगढ़ वापसी



**रायपुर (आरएनएस)।** वरिष्ठ आईएएस और 1997 बैच के अधिकारी सुबोध सिंह की प्रदेश वापसी होगी. वे अगले महीने छत्तीसगढ़ लौटेंगे. केंद्रीय लोक कार्मिक विभाग यानी डीओपीटी ने उनकी वापसी के लिए अनापत्ति दे दी है.आईएएस सुबोध सिंह को वापस भेजने राज्य सरकार ने आग्रह पत्र भेजा था. पांच साल पहले सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए थे, जहां वे' राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में पदस्थ रहे. वर्तमान में केंद्रीय इस्पात मंत्रालय में पदस्थ हैं. उनके लौटने से राज्य प्रशासन को प्रमुख सचिव स्तर का एक और अधिकारी मिल जाएगा. बता दें कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से रिचा शर्मा, सोनमणि बोरा, रोहित यादव, अमित कटारिया आदि लौट आए हैं. इनमें से कटारिया को जिम्मेदारी देने पर मंथन चल रहा है.

## भारतीय जैन संघटना छत्तीसगढ़ के नये कार्यकाल का हुआ शानदार आगाज




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जैन संघटना (BJS) छत्तीसगढ़ द्वारा, BJS के संस्थापक श्री शांति लालजी मुथा, BJS के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नंद कुमार सांखला, BJS के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रफुल पारख जी, BJS के राष्ट्रीय महासचिव पंकज चोपडा जी, BJS के राष्ट्रीय सचिव दीपक चोपडा जी, BJS के नेशनल हेड, इंसेप्शन प्रोग्राम एवं पूर्व BJS के राज्य अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनोज लुकड़ जी, BJS के छत्तीसगढ़ राज्य के नवीन अध्यक्ष विजय जैन गंगवाल, BJS के राजस्थान के राज्य अध्यक्ष श्रवण दुग्गड जी, तरुण करनावत, पूर्व NEC मेंबर, हैदराबाद एवं छत्तीसगढ़ जैन समाज के सभी घटको के मुख्य पदाधिकारी, BJS के छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथ ही समाज के प्रभुद्ध जन के बीच राजधानी रायपुर मे संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया, जिसमे समाज के ज्वलंत मुद्दों पर श्री मुथा जी ने अपना उद्बोधन दिया और इससे समाज को बचाने के लिए सुझाव दिए इस दौरान समाज के प्रबुद्धजनों से विचार विमर्श किया गया एवं इसके समाधान पर सबने अपने सार्थक विचार रखे। इस सफल आयोजन की रूप रेखा एवं क्रियानवन के लिए विशेष रूप से मनोज लुकड़ जी, संजय सिंघि जी, मानवेन्द्र दफ़्तरी जी, ADV अंकित जैन जी, सिद्धार्थ लुकड़, हर्षवर्धन बाघमार, चित्रांक चोपडा एवं सभी कार्यकर्ताओ का उपस्थित अतिथियों ने धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया।

## स्वर्णप्राशन एवं बाल रक्षा किट के लिए आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 2702 बच्चों को कराया गया स्वर्णप्राशन

**350 बच्चों को पांच दवाओं से निर्मित बाल रक्षा किट भी दिए गए**

**432 अभिभावकों का किया गया प्रकृति परीक्षण**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्तिवर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय, रायपुर में आज 2702 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। विभिन्न रोगों से रोकथाम एवं इम्युनिटी बढ़ाने के लिए 350 बच्चों को पांच दवाईयों से बने बाल रक्षा किट भी वितरित किए गए। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आज स्वर्णप्राशन के साथ ही बच्चों को लेकर आए 432 अभिभावकों का भारत सरकार के 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान के तहत प्रकृति परीक्षण भी किया गया।

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक सुश्री इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। महाविद्यालय के कौमारभृत्य विभाग की व्याख्याता डॉ. सत्यवती राठिया तथा स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720, 16 अप्रैल को 1410, 13 मई को 1256, 10 जून को 1802, 8 जुलाई को 1342, 3 अगस्त को 1370, 30 अगस्त को 1660, 26 सितम्बर को 2046, 24 अक्टूबर को 2216 और 20 नवम्बर को 2211 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

## पण्डित वामन राव लाखे वार्ड के पार्षद मन्नू यादव पंचतत्व में विलीन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम रायपुर के पण्डित वामन राव लाखे वार्ड के पार्षद एवं जोन 5 जोन अध्यक्ष श्री मन्नू विजेता यादव का आकस्मिक निधन होने पर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल छगन चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, पार्षदगणों, नगर पालिक निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष मोहित दर्रो, श्याम सोनी, महामंत्री आशुतोष सिंह, राधेश्याम एक्का, महासचिव अंशुल शर्मा, सेय्यद जोहेब, सचिव नीतीश झा, योगेश कडु सहित सभी पदाधिकारीगणों ने गहन शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है एवं मृतात्मा की आत्मा को शान्ति प्रदान कर उनके परिवारजनों, इष्टमित्रगणों, सहयोगियों को इस असीम दु:ख को सहने शक्ति प्रदान करने की परमपिता परमेश्वर के श्रीचरणों में विनम्र प्रार्थना की है. महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पण्डित वामन राव लाखे वार्ड पार्षद एवं नगर निगम जोन 5 अध्यक्ष स्वर्गीय मन्नू विजेता यादव एक सरल, मिलनसार व्यक्तितत्व वाले सक्रिय , जागरूक जनप्रतिनिधि पार्षद थे. उन्होंने पण्डित वामन राव लाखे वार्ड, जोन 5 क्षेत्र सहित रायपुर शहर को स्वच्छ, सुन्दर, विकसित बनाने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया. स्वर्गीय मन्नू विजेता यादव द्वारा जनप्रतिनिधि पार्षद के रूप में नगर को दिए गए अमूल्य योगदान का सदैव ससम्मान स्मरण किया जायेगा।

## एसपी ने कांस्टेबल को किया निलंबित

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के मौदहापारा थाना क्षेत्र में आदतन बदमाश साहिल रक्सेल की बर्थडे पार्टी में वर्दी में शामिल होने वाले मौदहापारा थाना में पदस्थ पुलिस कांस्टेबल को एसपी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बता दें कि इस मामले का विडियों सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसके बाद एसपी ने उक्त कार्यवाही की है। बता दें कि मामला मौदहापारा थाना क्षेत्र का है। जहां पिछले दिनों सड़क पर साहिल रक्सेल नामक बदमाश अपने दोस्तों के साथ सड़क पर जन्मदिन मना रहा था।









प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354